सूर्योदय - 06:32
सूर्यास्त - 05:39

अधिकतम तापमान 20.5°
न्यूनतम तापमान 17.2°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 92 गुरुग्राम (हरियाणा), मंगलवार 3 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 08

हरियाणा की प्रगति और जनता की खुशहाली हमारी साझा मंजिल : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

कहा: राजनीतिक विचारधाराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन हम सभी हरियाणा की जनता के प्रतिनिधि

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की राजनीतिक राहें और विचारधाराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन हरियाणा की प्रगति और प्रदेश के लोगों की खुशहाली सभी की साझा मंजिल है। हम सभी की पहचान इस बात से है कि हम हरियाणा की जनता के प्रतिनिधि हैं। जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे जनता की आकांक्षाओं और आवश्यकताओं को समझते हुए प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री सोमवार को पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में हरियाणा विधानसभा द्वारा संविधान पखवाड़े के तहत आयोजित जनप्रतिनिधि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूरे कर लिए हैं। हीरक जयंती के इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर भविष्य की दिशा तय करने का अवसर है। सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की उपस्थिति से इसकी गरिमा बढ़ी है और संसदीय प्रक्रियाओं, सदन की मर्यादा तथा जनप्रतिनिधियों के दायित्वों पर उनका मार्गदर्शन सभी के लिए मूल्यवान है। उन्होंने कहा कि हीरक जयंती समारोह में देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने पधार कर हरियाणा की जनता को अपना आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की 60 वर्षों की विकास यात्रा केवल सड़कों, संस्थानों और उद्योगों के विस्तार की कहानी नहीं है, बल्कि इसमें किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं और आम नागरिकों की मेहनत भी शामिल है। खेतों की हरियाली से उद्योगों की ऊंचाइयों तक, गांवों की पगडंडियों से आधुनिक एक्सप्रेस-वे तक और अखाड़ों की मिट्टी से विश्व के खेल मंचों तक हरियाणा ने अपने परिश्रम, साहस और संकल्प से प्रगति के नए अध्याय लिखे हैं। प्रदेश की उपलब्धियों की नींव उन चर्चाओं, निर्णयों और कानूनों से भी पड़ी है, जिन्हें जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा में आकार दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 नवंबर, 1966 को हरियाणा अस्तित्व में आया था और उस समय विधानसभा में 54 सदस्य थे। वर्ष 1967 में विधानसभा सीटों की संख्या 81 हुई और वर्ष 1977 में बढ़कर 90 हो गई। उन्होंने कहा कि इन सीटों में आज बढ़ोतरी की आवश्यकता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी हो सके और आम जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं सुलभ हो सके।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश 15वीं विधानसभा के दौर में अपनी लोकतांत्रिक यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। ये आंकड़े प्रतिनिधित्व के विस्तार और जनता की आकांक्षाओं के बढ़ते दायरे को दर्शाते हैं। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर, 1966 को हरियाणा विधानसभा की पहली बैठक हुई थी। उस समय संसाधन सीमित थे और शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, बिजली, सड़क तथा प्रशासनिक व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना बड़ी चुनौती थी। उन्होंने उन सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की, जिन्होंने इन परिस्थितियों में प्रदेश के भविष्य की मजबूत नींव रखने का प्रयास किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से पंजाब के उद्योगपतियों ने की मुलाकात



ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से सोमवार को हरियाणा निवास में पंजाब से आए उद्योगपतियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों का स्वागत करते हुए उन्हें हरियाणा में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया और आश्वासन दिया कि प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए उन्हें सरकार की ओर से हर संभव सहयोग एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने और निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य में उद्योगपतियों की सुविधा के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से विभिन्न विभागों की आवश्यक स्वीकृतियां एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके अलावा, सरकार द्वारा उद्योगों की जरूरत के अनुसार औद्योगिक भूमि भी उपलब्ध करवाई जा रही है, ताकि निवेशकों को अपना कारोबार स्थापित करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (HSIIDC) लगातार उद्योगपतियों के संपर्क में रहकर उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित कर रहा है। हरियाणा में निवेश की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं और विभिन्न क्षेत्रों के निवेशक प्रदेश में उद्योग स्थापित करने में रुचि दिखा रहे हैं। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री से जुड़े उद्योगपति शामिल थे। उन्होंने हरियाणा में उपलब्ध औद्योगिक सुविधाओं और निवेश की संभावनाओं को लेकर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों के उद्योगपति भी हरियाणा में निवेश करने के इच्छुक हैं, ऐसे सभी निवेशकों का स्वागत करती है और उन्हें उद्योग स्थापित करने के लिए अनुकूल माहौल एवं हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से हरियाणा में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने और प्रदेश के औद्योगिक विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया।

विकसित हरियाणा के निर्माण में जनभागीदारी और जागरूक समाज की भूमिका अहम : हरविंद्र कल्याण

संविधान पखवाड़े के माध्यम से नागरिकों को संवैधानिक मूल्यों और विधायिका की कार्यप्रणाली के प्रति किया जाएगा जागरूक

ओपन सर्च/ब्यूरो



- लोकसभा के सहयोग और अध्यक्ष ओम बिरला के मार्गदर्शन से हरियाणा विधानसभा में शुरू हुई विधायिका को सशक्त बनाने की अनेक गतिविधियां

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण ने कहा कि पूर्ण रूप से विकसित हरियाणा का निर्माण तभी संभव है, जब इसमें समाज की सक्रिय भागीदारी हो और एक जागरूक समाज तैयार किया जाए। जनप्रतिनिधि समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लोग उनकी बात सुनते हैं और उनके आचरण का अनुसरण करते हैं। इसलिए प्रत्येक जनप्रतिनिधि को समाज के लिए रोल मॉडल बनकर संवैधानिक मूल्यों और जनभागीदारी को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए।

श्री हरविंद्र कल्याण सोमवार को पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में हरियाणा विधानसभा द्वारा संविधान पखवाड़े के तहत आयोजित जनप्रतिनिधि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन हरियाणा के इतिहास में विशेष महत्व रखता है, क्योंकि प्रदेश के वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधि एक स्थान पर एकत्र हुए हैं। यह सम्मेलन हरियाणा के 60 वर्षों के सफर को याद करने के साथ-साथ भविष्य के विकसित हरियाणा के निर्माण में अपनी भूमिका तय करने का अवसर है। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, नेता प्रतिपक्ष श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्ढा, संसदीय कार्य मंत्री श्री महिपाल ढांडा सहित मंत्रीगण, विधायक गण उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष ने दीप प्रज्जवलित कर जनप्रतिनिधि सम्मेलन का उद्घाटन किया।

विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण ने मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला का स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश के सभी राज्यों के विधानमंडलों और विधायिकाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न विधानसभाओं के बीच अच्छी कार्यप्रणालियों और नवाचारों को साझा करने से सभी को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलता है। उन्होंने कहा कि श्री ओम बिरला के मार्गदर्शन और लोकसभा के सहयोग से हरियाणा विधानसभा में भी विधायिका को सशक्त बनाने के लिए अनेक गतिविधियां शुरू की गई हैं।

श्री हरविंद्र कल्याण ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि हरियाणा विधानसभा की गतिविधियों तथा कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री का निरंतर सहयोग मिलता है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, संसदीय कार्य मंत्री श्री महिपाल ढांडा, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, मंत्रियों, वर्तमान एवं पूर्व विधायकों तथा सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1966 में जब हरियाणा अलग राज्य बना, तब प्रदेश के सामने सीमित संसाधनों की चुनौती थी। उस समय लोगों के मन में यह सवाल था कि प्रदेश किस तरह आगे बढ़ेगा। लेकिन बुजुर्गों के परिश्रम, किसानों, मजदूरों, उद्यमियों की मेहनत और समय-समय पर मिले कुशल नेतृत्व के कारण आज हरियाणा ने देश के मानचित्र पर अपनी विशेष पहचान बनाई है।

संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के लोगों और राज्य के बीच एक जीवंत संवैधानिक समझौता: राज्यपाल

राज्यपाल ने जनप्रतिनिधि सम्मेलन के समापन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में किया संबोधित

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि भारत का संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के लोगों और राज्य के बीच एक जीवंत संवैधानिक समझौता है, जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित है। राज्यपाल सोमवार को पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित 'जनप्रतिनिधि सम्मेलन' के समापन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने आयु में वरिष्ठतम पूर्व विधायक श्री गणपत राय और श्री ओपी भारद्वाज को उनकी सीटों पर पहुंच कर सम्मानित किया। श्री गणपत राय का जन्म जून, 1935 में तथा श्री ओपी भारद्वाज का जुलाई 1935 में हुआ था।

विधायकों को संवैधानिक मूल्यों का सबसे महत्वपूर्ण संरक्षक बताते हुए प्रो. घोष ने कहा कि शपथ ग्रहण के माध्यम से निर्वाचित प्रतिनिधि संविधान की रक्षा और उसके सिद्धांतों को बनाए रखने का संकल्प लेते हैं। वहीं, सदन में बहस, प्रश्नों और कानून निर्माण के माध्यम से वे इस संकल्प को धरातल पर उतारते हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र की मजबूती विधायी संस्थाओं में होने वाले सार्थक संवाद, गरिमापूर्ण असहमति और व्यापक जनहित को ध्यान में रखकर लिए जाने वाले निर्णयों पर निर्भर करती है।

राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस सम्मेलन में हरियाणा विधानसभा के वर्तमान एवं पूर्व सदस्य एक मंच पर एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक अपने अनुभव और संस्थागत ज्ञान के माध्यम से लोकतांत्रिक परंपराओं को समृद्ध करते हैं, जबकि वर्तमान विधायक अपनी ऊर्जा और वर्तमान दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ योगदान देते हैं। दोनों पीढ़ियों के बीच इस प्रकार का संवाद लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ उत्कृष्ट संसदीय कार्यप्रणालियों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि नागरिकों को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी समान रूप से बोध होना चाहिए। लोकतंत्र की वास्तविक मजबूती उसके नागरिकों की संवैधानिक समझ, जागरूकता और प्रतिबद्धता में निहित है।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे इस सम्मेलन के संदेश को अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों तक पहुंचाएं और विशेष रूप से युवाओं के साथ संवाद स्थापित करें। वे स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को संविधान के महत्व से अवगत कराएं तथा नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करें। साथ ही, मौलिक अधिकारों के साथ संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति भी जागरूकता बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में जनप्रतिनिधियों का आचरण ईमानदारी, शालीनता और जनसेवा की भावना का आदर्श उदाहरण होना चाहिए।

शहीद स्मारक के 5 नवंबर को उद्घाटन को लेकर ऊर्जा मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई

बैठक में सूचना, जनसंपर्क विभाग के आयुक्त एवं सचिव के मकरंद पांडुरंग सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। अंबाला छावनी में 1857 में आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक के 5 नवम्बर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा उद्घाटन को लेकर अम्बाला जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज की अध्यक्षता में शहीद स्मारक में बैठक हुई जिसमें सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव के. मकरंद पांडुरंग के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान अधिकारियों ने शहीदी स्मारक का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बैठक के दौरान कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी व अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। इससे पहले आयुक्त एवं सचिव के मकरंद पांडुरंग ने शहीदी स्मारक के उद्घाटन से संबंधित कार्यक्रम की तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 5 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी की जाएं, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने तथा उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों को गंभीरता एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश भी दिए।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह की रैली की तैयारियों को लेकर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने गांधी ग्राउंड का दौरा किया

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज प्रात: अम्बाला छावनी के गांधी ग्राउंड का दौरा कर आगामी 5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उपायुक्त सचिन गुप्ता भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बनाए जा रहे मुख्य मंच, बैठने की व्यवस्था, कलाकारों के लिए मंच, मीडिया गैलरी तथा पार्किंग व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बिजली, पेयजल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि 5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह अम्बाला छावनी में निर्मित आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक-1857 का लोकार्पण करेंगे और गांधी ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह शहीद स्मारक 1857 की क्रांति के वीर शहीदों और गुमनाम क्रांतिकारियों के बलिदान को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत, असहमति का भी होना चाहिए सम्मान : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

संविधान पखवाड़ा के तहत आयोजित किया गया जनप्रतिनिधि सम्मेलन

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि लोकतंत्र में विचारों और दृष्टिकोण में भिन्नता हो सकती है तथा सहमति और असहमति भी होती है, लेकिन असहमति का भी सम्मान होना चाहिए। असहमति दिशा देती है, दर्शन देती है और काम करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि सहमति-असहमति के बावजूद देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए सभी के साझे प्रयास होने चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन चलाना एक जिम्मेदारी है, लेकिन उससे बड़ी जिम्मेदारी जनसेवा की है। श्री ओम बिरला सोमवार को पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में हरियाणा विधानसभा संविधान पखवाड़ा के तहत आयोजित जनप्रतिनिधि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा स्पीकर श्री हरविंद्र कल्याण, नेता प्रतिपक्ष श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्ढा, संसदीय कार्य मंत्री श्री महिपाल ढांडा सहित मंत्रीगण, विधायक गण उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष ने दीप प्रज्जवलित कर जनप्रतिनिधि सम्मेलन का उद्घाटन किया।

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा की धरती कर्म की धरती रही है। भगवान श्रीकृष्ण की धरती ने भगवद्गीता के माध्यम से कर्म का संदेश दिया है। इसी कर्म की धरती के किसान, मजदूर, नौजवान, उद्यमी और खिलाड़ी हर क्षेत्र में आगे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 60 साल की यात्रा में अनेक चुनौतियों और कठिनाइयों के बावजूद हरियाणा विकास की अग्रिम पंक्ति में खड़ा प्रदेश है और यह सब संविधान के कारण संभव हुआ है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत का संविधान केवल हमारा ही नहीं, बल्कि दुनिया के सभी लोकतांत्रिक देशों के लिए मार्गदर्शक है। संविधान ने हमारी लोकतांत्रिक परंपराओं को आगे बढ़ाया। उन्होंने संविधान निर्माताओं, प्रारूप समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, संविधान सभा के सभी सदस्यों तथा हरियाणा-पंजाब क्षेत्र के उन महानुभावों को याद किया, जिन्होंने संविधान सभा में योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि संविधान आज भी जीवंत रूप से हम सभी का मार्गदर्शन करता है।

हिन्दी दैनिक **ओपन सर्च**

गुरुग्राम सर्च

गुरुग्राम (हरियाणा), मंगलवार, 3 नवंबर 2026

www.opensearch.co.in

पुलिसकर्मियों ने महिला को नकदी और दस्तावेजों से भरा पर्स लौटाया

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-37 रेडलाइट पर ड्यूटी के दौरान दो पुलिसकर्मियों ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करते हुए एक महिला का खोया हुआ पर्स सुरक्षित लौटाया। पर्स में नकदी के अलावा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी रखे हुए थे। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-37 रेडलाइट पर तैनात कांस्टेबल रविंद्र और एचजीएच कर्मवीर को ड्यूटी के दौरान एक महिला का पर्स मिला। पर्स में नकदी और जरूरी दस्तावेज मौजूद थे। दोनों जवानों ने पर्स को सुरक्षित अपने पास रख लिया और उसकी मालकिन के वापस आने का इंतजार करने लगे। कुछ समय बाद महिला अपना पर्स तलाशते हुए वापस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने आवश्यक सत्यापन करने के बाद नकदी और सभी दस्तावेजों सहित उसका पर्स सुरक्षित लौटा दिया। अपना खोया हुआ सामान वापस मिलने पर महिला ने राहत की सांस ली और दोनों जवानों की ईमानदारी एवं तत्परता की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

हिमाचल से चरस खरीदकर गुरुग्राम में बेचने आए दो आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच ने हिमाचल प्रदेश से चरस खरीदकर गुरुग्राम में सप्लाई करने की फिराक में घूम रहे दो आरोपियों को की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 203.71 ग्राम अवैध चरस और एक कार बरामद कर सदर थाना में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच राजीव चौक के नजदीक कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को काबू किया। उनकी पहचान सोहना निवासी अंकित जैन (36) और तपन परासर (31) के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 203.71 ग्राम चरस बरामद कर दोनों के खिलाफ थाना सदर, गुरुग्राम में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बरामद चरस हिमाचल प्रदेश से एक लाख रुपये में खरीदी थी। वे इसे गुरुग्राम में बेचकर मुनाफा कमाने की फिराक में थे, लेकिन सप्लाई करने से पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कार भी बरामद की है।

गोल्फ कोर्स रोड पर हादसे में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गोल्फ कोर्स रोड पर सेक्टर-42/27 रेड लाइट के पास स्थित अंडरपास में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण बड़ा सड़क हादसा होने का मामला सामने आया है। हादसे में एक कार पलट गई, जबकि दूसरी गाड़ी अंडरपास की दीवार से जा टकराई। दुर्घटना को अंजाम देने वाली कार भी दीवार से टकरा गई। इस मामले में सुशांत लोक थाना पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक वीडियो वायरल हो रही थी, जिसमें एक तेज रफ्तार कार अंडरपास में आगे चल रही दो गाड़ियों को टक्कर मारती दिखाई दे रही है। वीडियो के आधार पर महिला हेड कांस्टेबल परमिला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण कर लोगों से पूछताछ की। जांच के दौरान पता चला कि यह हादसा 31 अक्टूबर 2026 की सुबह तड़के हुआ था। आरोप है कि अज्ञात चालक ने तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए आगे जा रही दो कारों को टक्कर मार दी, जिससे तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने वायरल वीडियो और मौके पर की गई पूछताछ के आधार पर 1 नवंबर 2026 को केस दर्ज किया है। मामले में जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल प्रमिला ने कहा कि पुलिस वायरल वीडियो और अन्य तथ्यों के आधार पर हादसे की जांच कर रही है।

लॉजिस्टिक्स हब से दो मोबाइल चोरी, कर्मचारी पर आरोप

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। पटौदी क्षेत्र के बिलासपुर स्थित एक लॉजिस्टिक्स हब से करीब 80 हजार रुपये कीमत के दो मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में इंस्टाकार्ट सर्विसेस के प्रतिनिधि रितिनदीप ने बताया कि कंपनी का बिलासपुर हब गांव ऊंचा माजरा में स्थित है, जहां से विभिन्न ई-कॉमर्स कंपनियों की शिपमेंट का संचालन किया जाता है। शिकायत के अनुसार, 29 अक्टूबर 2026 को नियमित शिपमेंट मिलान के दौरान दो मोबाइल फोन गायब मिले। इनकी कुल कीमत करीब 80 हजार रुपये बताई गई है। इसके बाद हब में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली गई। कंपनी का आरोप है कि फुटेज में शाम करीब 7:30 बजे कर्मचारी रोहित एक सीलबंद शिपमेंट बैग खोलकर उसमें से मोबाइल फोन निकालकर अपने निजी बैग में रखता दिखाई दिया। कंपनी ने अपनी शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि पूछताछ के दौरान रोहित ने दो मोबाइल फोन चोरी करने की बात स्वीकार की थी। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जांच अधिकारी एएसआई संजीव कुमार ने कहा कि पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

जन्मदिन की पार्टी में शराब के नशे में हुआ विवाद, युवकों से मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। हयातपुर क्षेत्र में जन्मदिन की पार्टी के दौरान हुए विवाद में मारपीट करने के मामले में सेक्टर-10 थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो बाइक भी बरामद की हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि शराब के नशे में हुई कहासुनी के बाद आरोपियों ने मारपीट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार, 22 अक्टूबर 2026 को एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-10 में शिकायत देकर बताया कि 9 अक्टूबर को वह अपने दोस्त और अन्य साथियों के साथ एक साथी का जन्मदिन मनाने के लिए हयातपुर स्थित ब्लैकेट स्टोर के पीछे पार्टी कर रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ युवकों के साथ उनकी कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर युवकों ने उनके साथ मारपीट कर दी। शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-10 में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 1 नवंबर को दो आरोपियों को थाना क्षेत्र से काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विवेक यादव (22 वर्ष), निवासी शिवा इन्क्लेव पार्ट-2, ढाणी साढराणा, गुरुग्राम और हिमांशु (20 वर्ष), निवासी गांव पलड़ा, गुरुग्राम के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि शिकायतकर्ता और आरोपियों के बीच शराब के नशे में कहासुनी हुई थी, जिसके बाद आरोपियों ने कथित तौर पर मारपीट की वारदात को अंजाम दिया।

रातभर चला पुलिस का सर्च ऑपरेशन, सुबह सुरक्षित मिली लापता बच्ची

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। मानेसर थाना पुलिस ने रातभर सर्च अभियान चलाकर 10 वर्षीय गुमशुदा बच्ची को सकुशल तलाश कर परिजनों के हवाले कर दिया। बच्ची के लापता होने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने स्वयं तलाश अभियान की कमान संभाली। पुलिस टीम ने पूरी रात सीसीटीवी फुटेज खंगाली और गांव नाहरपुर की गलियों से लेकर एक-एक बिल्डिंग तक तलाशी ली। आखिरकार सुबह बच्ची एक अन्य बिल्डिंग में सोती हुई सुरक्षित मिल गई। पुलिस के अनुसार, 1 नवंबर की रात करीब 8 बजे गांव नाहरपुर में अपनी मां के साथ किराये पर रहने वाली 10 वर्षीय शिवानी कुमारी अचानक घर से बिना बताए कहीं चली गई। बच्ची मानसिक रूप से अस्वस्थ है। उसकी मां रीता देवी मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करती हैं। काफी तलाश करने के बावजूद बच्ची का कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने 1 और 2 नवंबर की दरमियानी रात करीब एक बजे थाना मानेसर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर सर्च ऑपरेशन शुरू करवाया। एएसआई परवीन, एलएचसी अनीता, थाना राइडर-89 और ईआरवी-259 की मदद से पूरे इलाके में तलाश अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने रातभर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की और आसपास की गलियों तथा इमारतों की बारीकी से तलाशी ली। लगातार प्रयासों के बाद सुबह बच्ची एक अन्य बिल्डिंग में सोती हुई मिली। पुलिस के मुताबिक, रास्ता भटकने के कारण वह उस बिल्डिंग में पहुंच गई थी। इसके बाद पुलिस ने बच्ची को सुरक्षित उसकी मां और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्ची के सकुशल मिलने पर उसकी मां ने मानेसर थाना पुलिस का आभार जताया।

गुरुग्राम में 5 से 20 नवंबर तक धूल फैलाने वाले निर्माण एवं तोड़फोड़ कार्यों पर रहेगी रोक

सरकारी और निजी कार्यालयों में 50 प्रतिशत कर्मचारियों को करना होगा वर्क फ्रॉम होम

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम गुरुग्राम ने आवश्यक कदम उठाए हैं। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने 5 नवंबर से 20 नवंबर 2026 तक धूल पैदा करने वाली तोड़फोड़ एवं बाहरी निर्माण गतिविधियों पर रोक लगाने तथा सरकारी एवं निजी कार्यालयों में वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था लागू करने के संबंध में सभी संबंधित विभागों, एजेंसियों और अधिकारियों को तत्काल आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। निगमायुक्त द्वारा सोमवार को जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि सीएक्यूएम के निर्देशों का सभी संबंधित विभागों और कार्यकारी एजेंसियों को सख्ती से पालन करना होगा। इसके लिए अपने अधीनस्थ कार्यालयों, ठेकेदारों, निर्माण एजेंसियों और अन्य प्रतिष्ठानों को तुरंत आवश्यक आदेश जारी करने तथा निर्धारित अवधि के दौरान अनुपालना सुनिश्चित करने को कहा गया है।

धूल फैलाने वाली निर्माण एवं तोड़फोड़ गतिविधियों पर रहेगी रोक

जारी निर्देशों के अनुसार, 5 नवंबर से 20 नवंबर 2026 तक सीएक्यूएम के आदेश के दायरे में आने वाली सभी धूल पैदा करने वाली तोड़फोड़ एवं बाहरी निर्माण गतिविधियां बंद रहेंगी। यह प्रतिबंध केवल सामान्य भवन निर्माण तक सीमित नहीं होगा, बल्कि सार्वजनिक परियोजनाओं पर भी लागू होगा। इसके अंतर्गत हाईवे, सड़कें, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज, बिजली ट्रांसमिशन लाइन, पाइपलाइन और दूरसंचार संबंधी कार्य भी शामिल हैं। हालांकि, सीएक्यूएम के आदेश में निर्धारित छूट के अनुसार रेलवे, मेट्रो सेवाओं, एयरपोर्ट, अंतरराज्यीय बस टर्मिनल, अस्पतालों, जलापूर्ति एवं स्वच्छता, राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा से संबंधित गतिविधियों तथा राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं को निर्धारित शर्तों के तहत छूट दी गई है।

निगमायुक्त ने सभी कार्यकारी विभागों एवं एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रतिबंध के दायरे में आने वाले कार्यों की पहचान करें और संबंधित ठेकेदारों एवं फील्ड अधिकारियों को तत्काल काम बंद करने के निर्देश दें। इसके साथ ही नियमित निरीक्षण के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रतिबंधित गतिविधियां किसी भी स्थिति में संचालित न हों। छूट प्राप्त परियोजनाओं को भी सीएक्यूएम द्वारा निर्धारित सभी धूल नियंत्रण उपायों का पालन करना होगा।

सरकारी एवं निजी कार्यालयों में 50 प्रतिशत कर्मचारियों की रहेगी भौतिक उपस्थिति

वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए जारी निर्देशों के तहत गुरुग्राम जिले के सभी राज्य सरकार के कार्यालयों एवं निजी कार्यालयों में 5 नवंबर से 20 नवंबर 2026 तक अधिकतम 50 प्रतिशत कर्मचारियों को ही कार्यालय में भौतिक रूप से उपस्थित रहकर काम करना होगा। शेष कर्मचारियों को घर से काम करना होगा। हालांकि, ऐसे औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं आवश्यक सेवाओं को इस व्यवस्था से छूट दी गई है, जहां कार्य की प्रकृति के कारण वर्क फ्रॉम होम लागू करना संभव नहीं है। यह छूट सीएक्यूएम के आदेश के अनुरूप ही मान्य होगी। संबंधित कार्यालयों को पहले से ही कर्मचारियों की उपस्थिति एवं वर्क फ्रॉम होम का रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि 5 नवंबर से व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू की जा सके।

नोडल अधिकारी नियुक्त कर नियमित निगरानी एवं रिपोर्टिंग के निर्देश

निगमायुक्त ने सभी संबंधित विभागों एवं एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें, जो सीएक्यूएम के आदेशों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों एवं संबंधित एजेंसियों तक पहुंचाने तथा उनकी अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। सभी विभागों को प्रतिबंधित निर्माण कार्यों को बंद कराने, अनुपालना की निगरानी करने तथा वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था के लिए तैयार किए गए रोस्टर की जानकारी सहित एक्शन टेकन रिपोर्ट अतिरिक्त निगमायुक्त (मुख्यालय), नगर निगम गुरुग्राम को प्रतिबंध अवधि शुरू होने से पहले प्रस्तुत करनी होगी।

सभी विभागों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश

निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने स्पष्ट किया है कि वायु प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े इन निर्देशों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्माण गतिविधियों पर रोक, कार्यालयों में वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था और निर्धारित निगरानी प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएक्यूएम के आदेशों की अनुपालना में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो तथा सभी निर्धारित व्यवस्थाएं समय रहते लागू की जाएं।

दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस-वे पर गंदगी और सीएंडडी वेस्ट डालने वालों पर होगी एफआईआर

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

- निगमायुक्त ने एनएचएआई समेत सभी विभागों को दिए सफाई और सड़क सुधार के निर्देश

गुरुग्राम। शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और सडक़ों को स्वच्छ एवं बेहतर बनाने के लिए नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस-वे की सफाई और रखरखाव को लेकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि एक्सप्रेस-वे के आसपास सीएंडडी वेस्ट डालने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई की जाए। सोमवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित प्रदूषण नियंत्रण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निगमायुक्त ने कहा कि शहर की सडक़ों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर बनाए रखना सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। एनएचएआई अधिकारी दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस-वे पर नियमित सफाई, हरियाली और रखरखाव सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी), यातायात पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र की सडक़ों का निरीक्षण कर मरम्मत एवं सुधार कार्य प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने विशेष रूप से उद्योग विहार क्षेत्र की सडक़ों को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी एचएसआईआईडीसी अधिकारियों को सौंपी। उन्होंने कहा कि सडक़ों पर जमा धूल-मिट्टी, कचरा और सीएंडडी वेस्ट वायु प्रदूषण बढ़ाने के प्रमुख कारण हैं। सभी विभाग नियमित सफाई और निगरानी सुनिश्चित करें। सडक़ों को एंड-टू-एंड पेव्ड कराया जाए, ताकि सडक़ किनारों पर मिट्टी और धूल जमा न हो। इसके अलावा ग्रीन बेल्ट को व्यवस्थित एवं साफ रखने, फुटपाथों की मरम्मत और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने पर भी जोर दिया गया। यातायात पुलिस को अनावश्यक जाम रोकने के निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त ने सभी विभागों को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के सिटी एक्शन प्लान के निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में पूरा करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुरुग्राम में प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करें, ताकि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर शहरी सुविधाएं मिल सकें।

मध्य प्रदेश से गुरुग्राम तक फैला अवैध हथियार सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़

-आठ पिस्टल और 16 मैगजीन के साथ दो सप्लायर गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश से हथियारों की खेप लेकर गुरुग्राम पहुंचे दो सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के कब्जे से आठ देशी पिस्टल और 16 मैगजीन बरामद की हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी पिछले करीब चार वर्षों से अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त और सप्लाई के धंधे में सक्रिय थे। वे मध्य प्रदेश से बस के जरिए हथियार लाकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करते थे और प्रत्येक पिस्टल के बदले सात हजार रुपए कमीशन लेते थे। पुलिस के अनुसार, इस नेटवर्क का खुलासा 29 अक्टूबर को सेक्टर-112 बजघेड़ा से दीपक और राहुल की गिरफ्तारी के बाद हुआ था। पुलिस ने इनके कब्जे से पांच अवैध पिस्टल, 11 मैगजीन और एक कार बरामद की थी। इसके बाद दोनों आरोपियों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में हथियारों की सप्लाई के स्रोत के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिसके आधार पर पुलिस मध्य प्रदेश के खरगोन जिले तक पहुंची। इसके बाद डीसीपी क्राइम नीतीश अग्रवाल के निर्देशन में सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच प्रभारी एसआई ललित कुमार के नेतृत्व में एसआई अंकित और उनकी टीम ने कार्रवाई की। टीम ने 1 नवंबर को सोहना-गुरुग्राम रोड पर जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के नजदीक कार्रवाई करते हुए दुर्गेश और नरेंद्र उर्फ नरेन को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के गांव बामनाला के रहने वाले हैं। इनके कब्जे से आठ देशी पिस्टल और 16 मैगजीन बरामद हुईं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी कथित तौर पर मध्य प्रदेश में अवैध हथियार तैयार करने वाले व्यक्ति के संपर्क में थे। वे वहां से बस में हथियार लेकर गुरुग्राम पहुंचते और आगे दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करते थे। आरोपियों ने पहले गिरफ्तार दीपक और राहुल को भी पांच पिस्टल तथा 11 मैगजीन सप्लाई करने की बात स्वीकार की है। इस कार्रवाई के बाद मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या चार हो गई है। पुलिस अब तक कुल 13 अवैध पिस्टल और 27 मैगजीन बरामद कर चुकी है। पुलिस मुख्य हथियार सप्लायर, मध्य प्रदेश में हथियार तैयार करने के ठिकानों और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है।

कार बेचने के नाम पर 12.59 लाख की ठगी करने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। पुराने वाहनों को बेचने के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए लोगों से लाखों रुपये की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी गिरोह के सदस्यों को वाहनों की फर्जी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) तैयार करवाकर कमीशन पर उपलब्ध कराता था। पुलिस ने आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस के अनुसार, 5 फरवरी 2026 को एक व्यक्ति ने साइबर क्राइम वेस्ट थाना में शिकायत दी थी कि 3 जनवरी और 21 जनवरी 2026 को अज्ञात व्यक्तियों ने दो कार बेचने के नाम पर उससे संपर्क किया। आरोपियों ने वाहनों से संबंधित फर्जी दस्तावेज दिखाकर उसे विश्वास में लिया और अलग-अलग बैंक खातों में कुल 12 लाख 59 हजार 759 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच के दौरान एएसआई राकेश ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए 1 नवंबर 2026 को दिल्ली से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान सुनील कुमार शर्मा निवासी सुभाष मोहल्ला, भजनपुरा, दिल्ली के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने दोनों कारों की फर्जी एनओसी तैयार करवाकर अपने अन्य साथी आरोपियों को कमीशन के बदले उपलब्ध कराई थी। इन दस्तावेजों का इस्तेमाल कर गिरोह के सदस्य वाहनों की बिक्री के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे।

दिल्ली में बीएस-6 के अलावा दूसरे वाहनों पर बॉर्डर पर रोक रही गुरुग्राम पुलिस

दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के अधिकारी भी कर रहे 24 घंटे निगरानी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। दिल्ली में बीएस-6 से नीचे की सभी अन्य गाड़ियों की एंट्री बैन किए जाने से गत रविवार को दिल्ली बॉर्डर से 120 वाहनों को वापस लौटाया गया था।

वहीं दूसरे दिन सोमवार को गुरुग्राम-दिल्ली के कापसहेड़ा बॉर्डर से एक जयपुर-दिल्ली के बीच चलने वाली प्राइवेट बस समेत कुल 20 से अधिक वाहनों को वापस भेज दिया गया। दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के अधिकारी गुरुग्राम से लगते रजोकरी-कापसहेड़ा बॉर्डर पर 24 घंटे तैनात हैं। बीएस-6 के अलावा निचली सीरीज के वाहन यदि दिल्ली में मिलते हैं तो 20 हजार रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। जबकि बॉर्डर से बिना जुर्माना किए वापस लौटाया जा रहा है। दोपहर 1.30 बजे गुरुग्राम-दिल्ली के कापसहेड़ा बॉर्डर पर वाहनों की कम भीड़ दिखाई दी। गुरुग्राम पुलिस दिल्ली नगर निगम टोल के पास कमर्शियल वाहनों को रोककर जांच कर रही थी। जबकि दिल्ली सीमा में दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के दो कर्मचारी व एक अधिकारी वाहनों की जांच कर रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि पहले दिन पूरी तरह सख्ती बरतते हुए वाहनों को रोक दिया गया था, जिससे दूसरे दिन लोगों को गाड़ियां वापस लौटाने का पता चल गया है, जिससे सोमवार बीएस-6 सीरीज के वाहन कम पहुंचे हैं।

गुरुग्राम की सभी कॉलोनियों में फॉगिंग अभियान तेज, मच्छरों के खात्मे के लिए मैदान में उतरी नगर निगम की टीमें

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। शहर में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप और मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम ने फॉगिंग अभियान तेज कर दिया है। शहर की सभी कॉलोनियों में नियमित रूप से फॉगिंग कराई जा रही है, ताकि नागरिकों को मच्छरों से राहत दिलाने के साथ स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। मेयर राजरानी मल्होत्रा के निर्देशानुसार नगर निगम की टीमें विभिन्न क्षेत्रों में लगातार अभियान चला रही हैं। शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मेयर राजरानी मल्होत्रा स्वयं भी प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों और कॉलोनियों का दौरा कर रही हैं। इस दौरान वह सफाई व्यवस्था, कचरा उठान और अन्य नागरिक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही हैं। उनका विशेष जोर इस बात पर है कि शहर के किसी भी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो और नियमित रूप से कचरे का उठान सुनिश्चित किया जाए। मेयर ने कहा कि गुरुग्राम के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। मच्छरों की रोकथाम के लिए सभी कॉलोनियों में फॉगिंग कराई जा रही है और निगम की टीमों को लगातार सक्रिय रखा गया है।

उन्होंने नागरिकों से भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और मच्छरमुक्त बनाने के लिए नगर निगम के प्रयासों के साथ नागरिकों की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। जनसहयोग से ही गुरुग्राम को स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर शहर बनाया जा सकता है।

रिटायर्ड कर्नल की शादीशुदा बेटी ने सोसायटी की 11वीं मंजिल से कूदकर जान दी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम के सेक्टर-110ए स्थित महेंद्रा औरा सोसाइटी में एक रिटायर्ड कर्नल की बेटी ने सोसायटी की 11वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। मृतका की पहचान नेहा तिवारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बजघेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक नेहा पिछले काफी समय से सेक्टर-110ए की महेंद्रा औरा सोसाइटी में अपने पिता के साथ उनके फ्लैट में ही रह रही थीं। नेहा की शादी करीब पांच साल पहले वर्ष 2021 में शुभम शर्मा नाम के युवक के साथ हुई थी। शुभम वर्तमान में विदेश में नौकरी करता है। घटना के समय वह इसी फ्लैट की बालकनी से नीचे छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस: सोसाइटी परिसर में हुई इस घटना के बाद सूचना मिलने पर बजघेड़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस टीम वर्तमान में सोसाइटी परिसर और टावर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

दिल्ली बॉर्डर से हटा लिए बैरिकेट व पुलिस, कांग्रेसियों को रोकना ही था पुलिस का मिशन : पंकज डावर

-दिल्ली रैली में जाने से रोकने के लिए ही पुलिस ने लगाए थे नाके

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई लोकतंत्र बचाओ रैली के बाद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। डावर ने कहा कि दिल्ली बॉर्डर पर लगाए गए बैरिकेट और पुलिस का भारी बंदोबस्त सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रैली में जाने से रोकने के लिए था। और जैसे ही रैली खत्म हुई, बैरिकेट हटा लिए गए।

पंकज डावर ने बताया कि रविवार सुबह जब सेक्टर-29 लेजरवैली मैदान से पूर्व सांसद राज बब्बर और पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बसें और गाडिय़ां दिल्ली के लिए रवाना हुईं तो गुडग़ांव-दिल्ली बॉर्डर पर पहले से ही पुलिस ने नाके लगा रखे थे। हर गाड़ी को रोककर पूछताछ की जा रही थी। कई जगहों पर बैरिकेड लगाकर जाम की स्थिति पैदा कर दी गई थी। पुलिस ग्रेप लगने का बहाना बनाकर कार्यकर्ताओं को रोक रही थी। क्या आज ग्रेप हट गया या सारा प्रदूषण साफ हो गया। हकीकत यही है कि रैली में जाने से रोकने का प्रयास था।

पंकज डावर ने कहा कि यह कोई रूटीन चेकिंग नहीं थी। यह सोची-समझी साजिश थी। केंद्र और हरियाणा सरकार रामलीला मैदान में उमडऩे वाले जनसैलाब से डर गई थी। उन्हें पता था कि गुडग़ांव से हजारों की संख्या में लोग जा रहे हैं, इसलिए उन्हें रोकने के लिए पुलिस का इस्तेमाल किया गया। अगर यह सुरक्षा के लिए होता तो आज भी बैरिकेट लगे होते, लेकिन रैली खत्म होते ही सोमवार सुबह सारे बैरिकेट हटा लिए गए। इससे साबित होता है कि पुलिस का मिशन सिर्फ कांग्रेसियों को रोकना था।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने खूब रोकने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के हौसले को नहीं तोड़ पाई। हमारे कार्यकर्ता पैदल तक चलकर बॉर्डर पार करके गए। हम लोकतंत्र को बचाने जा रहे थे, कोई अपराध करने नहीं। सरकार की यह तानाशाही रवैया लोकतंत्र के लिए खतरा है। डावर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। जब-जब कांग्रेस सडक़ों पर उतरती है, तब-तब सरकार पुलिस को आगे कर देती है। लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। राहुल गांधी जी ने हमें सिखाया है कि डरो मत। हम आगे भी जनता के मुद्दों, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ इसी तरह सडक़ों पर उतरते रहेंगे। उन्होंने कहा कि गुडग़ांव से गए हजारों कार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान में पहुंचकर लोकतंत्र बचाओ रैली को ऐतिहासिक बनाया है और इसका असर आने वाले चुनावों में देखने को मिलेगा।

आर्टेमिस अस्पताल पर महिला के इलाज में लापरवाही का आरोप, जांच की मांग

-महिला के पति ने अस्पताल प्रबंधन व दो सीनियर सर्जन पर लगाए गंभीर आरोप

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। इलाज के दौरान एक महिला की मौत के मामले में उसके पति ने सेक्टर-51 स्थित आर्टेमिस अस्पताल प्रबंधन और दो सीनियर सर्जन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। मृतका के पति सुनील कुमार निवासी राजेंद्रा कॉलोनी रोहतक ने पुलिस आयुक्त और स्वास्थ्य विभाग को शिकायत देकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता सुनील कुमार के अनुसार, उनकी 41 वर्षीय पत्नी गीता को नसों की दिक्कत के चलते 13 अगस्त 2026 को आर्टेमिस अस्पताल में न्यूरोलॉजी विभाग में डॉ. सुमित सिंह से जांच कराई गई थी। जांच के बाद गीता को इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया। प्लेक्स के 5 राउंड के बाद 25 अगस्त को पेट दर्द की शिकायत पर सीटी स्कैन किया गया। गीता को अपेंडिक्स बताकर 27 अगस्त को जनरल सर्जरी विभाग के डॉ. राकेश दुरखुरे और डॉ. मुंजाल बावा की टीम ने ऑपरेशन किया। परिजन का आरोप है कि पहले ऑपरेशन के बाद ही मरीज की हालत बिगड़ गई और उसे आईसीयू में हाई ऑक्सीजन पर रखना पड़ा। इस दौरान परिवार से आईवीआईजी इंजेक्शन के नाम पर लगभग 5 लाख रुपये और लिए गए। 17 सितंबर को हुए पैट स्कैन और अल्ट्रासाउंड में आंत लीक जैसी कोई बात सामने नहीं आई। शिकायत में कहा गया है कि 18 सितंबर को 40 एमएल इंफेक्शन बताकर दोबारा ऑपरेशन का दबाव बनाया गया, जबकि उस समय मरीज का वजन 56 किलो से घटकर 45 किलो रह गया था। वह 35 दिन से बेड पर थी। परिजन के अनुसार बिना नया सिटी स्कैन या एमआरआई किए सिर्फ एक रेफरल नोट के आधार पर 19 सितंबर की रात 8 बजे दूसरा ऑपरेशन कर दिया गया। महिला के पति का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने बताया कि पेट में एक पत्ता (लीफ) मिला है और आंत लीक है। जिसके लिए पूरा पेट खोलना पड़ा और 30 टांके लगाए गए। सुनील कुमार के मुताबिक न तो उन्हें वह पत्ता दिखाया गया और न ही निकाले गए इंफेक्शन को लैब जांच के लिए भेजा गया। 25 सितंबर को टीएलसी 22,000 होने के बावजूद मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया। दो दिन बाद 27 सितंबर को सांस लेने में तकलीफ होने पर दोबारा इमरजेंसी में भर्ती किया गया, जहां इंफेक्शन पूरे शरीर में फैलने से मल्टी ऑर्गन फेल्योर बताया गया। 29 सितंबर को अलसुबह 03:30 बजे गीता की मौत हो गई। गीता के पति सुनील कुमार का आरोप है कि इस पूरे इलाज के दौरान अस्पताल ने उनसे लगभग 20 लाख रुपये वसूल लिए। उन्होंने अस्पताल का पूरा मेडिकल रिकॉर्ड सीज कर मेडिकल बोर्ड से जांच कराने और संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ लापरवाही से मौत की धाराओं में कार्रवाई की मांग की है।

मिलन एग्जीबिशन 2026 में महिला सशक्तिकरण एवं चैरिटी का दिया संदेश

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। श्री शांतिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर, सेक्टर-4 गुरुग्राम के प्रांगण में जैन श्वेतांबर महिला मंडल द्वारा आयोजित मिलन एग्जीबिशन 2026 का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

आयोजन में लगभग 40 स्टॉल लगाए गए, जिनमें खरीदारी, मनोरंजन, स्वादिष्ट व्यंजन एवं विभिन्न आकर्षक उत्पादों की व्यवस्था की गई थी। मेले का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तीकरण, महिलाओं की प्रतिभा एवं उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें अपने हुनर एवं व्यवसाय को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। आयोजन से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग चैरिटी एवं सामाजिक सेवा के कार्यों में किया जाएगा। कार्यक्रम में बच्चों के लिए ड्रॉइंग एवं डांस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तंबोला, लकी ड्रॉ, आकर्षक पुरस्कार तथा शुद्ध जैन एवं सात्विक व्यंजनों के स्टॉल मेले के प्रमुख आकर्षण रहे। बड़ी संख्या में लोगों ने परिवार सहित मेले में पहुंचकर खरीदारी की और विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गुरुग्राम की महापौर राजरानी मल्होत्रा, गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा, भाजपा हरियाणा के प्रदेश मंत्री हरविंदर कोहली, कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डी.पी. गोयल, जीतो के रमन जैन, शैलेश जैन, संजय जैन, राजकुमार जैन सालगिया तथा श्री शांतिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर के प्रधान शांतिलाल जैन उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वार्ड नंबर-33 की पार्षद सारिका भारद्वाज एवं प्रशांत भारद्वाज सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों ने महिला मंडल द्वारा किए गए इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। इस भव्य आयोजन की मुख्य सूत्रधार हेमा जैन एवं मनीषा जैन तथा उनकी पूरी टीम ने अत्यंत

स्टेट चैंपियनशिप में बालिकाओं ने मारी बाजी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। 31 अक्टूबर 2026 से 02 नवंबर 2026 तक आयोजित SGFI स्टेट चैंपियनशिप (अंडर-11, बालक एवं बालिका वर्ग) में गुड़गांव के बालक एवं बालिका दोनों वर्गों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।बालिका वर्ग में टीम के सदस्य - कायरा मलिक, महिका शर्मा, गौरविका, तिस्या, मिशिका यादव ,अद्रिका और नेहल रहीं। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में, गौरविका शर्मा ने बैलेंसिंग बीम पर तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि तिस्या ने ऑल-राउंड में द्वितीय स्थान और फ्लोर एक्सरसाइज में स्वर्ण पदक हासिल किया।

बालिका टीम प्रभारी सुश्री नकिंदर कौर व श्री कमलजीत सिंह के कुशल नेतृत्व में बच्चों ने यह उपलब्धि हासिल की। सहयोगी के रूप में श्री मनीष गौतम, श्री रोहित अटवाल और श्री अफजल खान रहे। इन सभी ने मिलजुल कर कार्य करते हुए बच्चों को इस मुकाम तक पहुँचाया। इस उपलब्धि पर गुड़गांव के एईओ श्री जगदीश अहलावत जी, हरियाणा स्पोर्ट्स विभाग के कोच श्री नवीन सैनी जी और के.आर. मंगलम स्कूल के स्पोर्ट्स एचओडी श्री राजकुमार राघव जी ने सभी बच्चों एवं कोचों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

एसडीएम हितेंद्र कुमार ने सुनीं शिकायतें, अधिकारियों को दिए समयबद्ध निपटारे के निर्देश

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार व डीसी उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को आयोजित शिविर में एसडीएम हितेंद्र कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न समस्याओं का सरल और समयबद्ध समाधान उपलब्ध कराना है। शिविर में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन सहित अन्य मामलों की सुनवाई की गई और अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया।

एसडीएम ने बताया कि समाधान शिविर में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजते हुए उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

उन्होंने बताया कि जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार एवं वीरवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की शिकायतों की सुनवाई करते हैं तथा उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त सपना यादव, डीडीपीओ नवनीत कौर, मेडिकल ऑफिसर प्रियंका, एटीपी ज्योति यादव, एलडीएम विनोद कुमार बजाज, डिप्टी डीईओ दीप्ति बोकन, गीता आर्या, एसडीओ सुमन कश्यप, इनवेस्टिगेटर अशोक कुमार, एमिनेंट पर्सन सीएम विंडो सुषमा शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की डीसी उत्तम सिंह ने की समीक्षा

अधिकारियों को मतदाता सूचियों की दोबारा जांच एवं क्रॉस चेकिंग के दिए निर्देश

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। डीसी उत्तम सिंह ने जिले में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण के दौरान तैयार की गई मतदाता सूचियों का बारीकी से सत्यापन किया जाए और क्रॉस चेकिंग के माध्यम से किसी भी संभावित त्रुटि को दूर किया जाए। साथ ही, मतदाता सूची में पात्र नागरिकों के नाम शामिल करने तथा मतदाताओं के विवरण को सही रखने के लिए सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

इससे पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा ए. श्रीनिवासन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के उपायुक्तों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण के संशोधित कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार नोटिस चरण तथा दावे एवं आपत्तियों के निपटान की प्रक्रिया 20 नवंबर 2026 तक जारी रहेगी। इसके बाद मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर 2026 को किया जाएगा। डीसी उत्तम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा द्वारा जारी संशोधित समय-सारिणी के अनुसार सभी कार्यों को निर्धारित समय में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें तथा पुनरीक्षण से जुड़े प्रत्येक चरण की जांच सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। डीसी ने बताया कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को एसआईआर के दौरान प्राप्त फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 के आवेदनों का भी नियमानुसार शीघ्र निपटान करने के निर्देश दिए गए हैं। मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने से संबंधित दावों के लिए फॉर्म-7 तथा मतदाता सूची में दर्ज विवरण में संशोधन सहित अन्य निर्धारित सेवाओं के लिए फॉर्म-8 का उपयोग किया जाता है। इन आवेदनों पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई करते हुए समयबद्ध निपटान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बादशाहपुर के एसडीएम संजीव सिंगला, पटौदी के एसडीएम दिनेश लुहाच, गुरुग्राम के एसडीएम हितेंद्र कुमार, सोहना के एसडीएम अखिलेश यादव, सीटीएम ज्योति नागपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

हरियाणा दिवस पर खुर्मपुर में 2121 मिट्टी के दीप प्रज्वलित कर दिया स्वदेशी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। हरियाणा दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को ग्राम खुर्मपुर, ब्लॉक फर्रुखनगर में 10वें मिशन माटी दीप महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 2121 मिट्टी के दीपों का सामूहिक प्रज्वलन मुख्य आकर्षण रहा। इस अवसर पर मिट्टी के बर्तनों में चाय एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित कर मिट्टी से बने पारंपरिक उत्पादों के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समस्त प्रजापति समाज, ग्राम खुर्मपुर एवं प्रजापति कुंभकार संघ (रजि.), फर्रुखनगर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में हरियाणा माटी कला बोर्ड के चेयरमैन अनूप कुमार प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला पार्षद एडवोकेट यशपाल विशिष्ट अतिथि रहे, जबकि ग्राम पंचायत खुर्मपुर की सरपंच अंजू बाला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि अनूप कुमार प्रजापति ने हरियाणा दिवस की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मिट्टी कला हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है। मिट्टी के बर्तन और दीप बनाने वाले कारीगर अपनी पीढ़ियों से इस पारंपरिक कला को सहेजते और आगे बढ़ाते आ रहे हैं। ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम उनके हुनर को सम्मान दें और उनके द्वारा तैयार उत्पादों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

उन्होंने कहा कि दीपावली जैसे त्योहारों पर मिट्टी के दीपों का अधिक से अधिक उपयोग करके स्थानीय कारीगरों की आजीविका को मजबूती प्रदान की जा सकती है।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार योजनाओं का लाभ उठाएं : सुनीता दांगी

हरियाणा महिला विकास निगम की चेयरपर्सन ने 34 लाभार्थियों को वितरित किए करीब 6.70 लाख रुपये के ऋण सब्सिडी चेक

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। हरियाणा महिला विकास निगम की चेयरपर्सन सुनीता दांगी ने सोमवार को गुरुग्राम का दौरा किया। इस दौरान जैकमपुरा स्थित प्रजापति धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करते हुए ऋण सब्सिडी के चेक वितरित किए। कार्यक्रम में महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनीता दांगी ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने और स्वरोजगार के जरिए आगे बढ़ने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को इन योजनाओं की जानकारी लेकर इनका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए, ताकि वे स्वयं रोजगार स्थापित कर सकें और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर उन्होंने 34 लाभार्थियों को व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत करीब 6 लाख 70 हजार रुपये की ऋण सब्सिडी के चेक वितरित किए।

चेयरपर्सन श्रीमती सुनीता दांगी ने कहा कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होती हैं तो इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। हरियाणा महिला विकास निगम इसी उद्देश्य के साथ महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें वित्तीय सहायता और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपनी रुचि और कौशल के अनुसार सिलाई, ब्यूटी पार्लर, लघु उद्योग तथा अन्य स्वरोजगार गतिविधियां शुरू कर सकती हैं। इसके लिए निगम की योजनाएं उनके लिए आर्थिक संबल बनने के साथ अपने सपनों को साकार करने का माध्यम भी हैं।

समाधान शिविर में डीसी अखिल पिलानी ने सुनी आमजन की समस्याएं, 6 शिकायतों में से 4 का मौके पर किया निपटारा

लंबित 2 शिकायतों का जल्द समाधान करने के दिए निर्देश, वृद्धजनों, महिलाओं और दिव्यांगजनों की समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाने पर दिया जोर

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपायुक्त अखिल पिलानी ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि शेष 2 शिकायतों को लंबित रखते हुए संबंधित अधिकारियों ने उनका जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

****शिकायतों का समाधान केवल औपचारिकता नहीं, नागरिकों को मिले वास्तविक राहत : डीसी****

उपायुक्त अखिल पिलानी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए और उसका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना है। इसलिए अधिकारी शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए नागरिकों को वास्तविक एवं स्थायी राहत प्रदान करें। डीसी ने विशेष रूप से वृद्धजनों, महिलाओं और दिव्यांगजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन वर्गों के नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों को चाहिए कि वे उनकी समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनें और नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

****सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सरलता से उपलब्ध करवाएं अधिकारी****

डीसी अखिल पिलानी ने कहा कि समाधान शिविर सरकार की जनकल्याणकारी सोच का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनके माध्यम से नागरिकों को विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए एक ही स्थान पर सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत की नियमित समीक्षा की जाए और लंबित मामलों का निर्धारित समयसीमा में समाधान किया जाए। नागरिकों की संतुष्टि ही प्रशासन की कार्यप्रणाली की वास्तविक कसौटी है। अधिकारी इसी भावना के साथ कार्य करते हुए आमजन को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध करवाएं।

****प्रत्येक सोमवार और वीरवार को आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर****

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार और वीरवार को जिला स्तर पर लघु सचिवालय तथा उपमंडल स्तर पर एसडीएम कार्यालयों में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

इन शिविरों में प्रात: 10 से दोपहर 12 बजे तक विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों की सुनवाई की जाती है। समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र में आय संबंधी विवरण ठीक करवाने, पेंशन, संपत्ति एवं स्वामित्व संबंधी कार्यों, बिजली-पानी की शिकायतों तथा परिवार पहचान पत्र में दर्ज अन्य गलत विवरण को दुरुस्त करवाने सहित विभिन्न नागरिक सेवाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। संबंधित विभागों के अधिकारी शिकायतों की जांच कर नियमानुसार मौके पर समाधान अथवा निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं।

वेदों की शिक्षाओं से मजबूत होगा समाज, युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ना जरूरी : देवेंद्र कादियान

आर्य समाज मंदिर गन्नौर का 69वां वार्षिकोत्सव संपन्न, यज्ञ, प्रवचनों और भजन संध्या में उमड़े श्रद्धालु



ओपन सर्च / मनदीप कुमार

गन्नौर। आर्य समाज मंदिर गन्नौर शहर का 69वां त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में विधायक देवेंद्र कादियान मुख्य अतिथि रहे। समाजसेवी हरीश वाधवा और अंकित मल्होत्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे, जबकि अध्यक्षता प्रीतम लाल आहूजा ने की। विधायक कादियान ने कहा कि आर्य समाज ने अंधविश्वास को दूर करने, शिक्षा का प्रसार करने और वैदिक संस्कृति को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई है। युवा पीढ़ी को महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों और वेदों की शिक्षाओं से जोड़ना जरूरी है। संस्कारों और नैतिक मूल्यों से ही मजबूत समाज का निर्माण होगा। आचार्य शैलेष मुनि सत्यार्थी महाराज ने प्रवचन में कहा कि परमात्मा मनुष्य के प्रत्येक कर्म के साक्षी हैं। इंसान अपने कर्मों से ही अपना भविष्य बनाता है, इसलिए सदैव अच्छे कर्म करने चाहिए। इस दौरान संगीतरत्न सुदेश आर्य, सत्यकिरण दीवान और संतोष आर्य ने भजनों की प्रस्तुति दी। समापन पर भंडारा भी लगाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

राहुल गांधी के नेतृत्व में रामलीला मैदान में हुई इंडिया गठबंधन की महारैली में पिनगवां ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुबारिक मलिक दल-बल के साथ पहुंचे दिल्ली

ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा और गिरफ्तारी तक चलेगा कांग्रेस का अभियान : मुबारिक मलिक

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट चोर गद्दी छोड़, वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत इंडिया गठबंधन की महारैली में पिनगवां ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुबारिक मलिक अपने दल-बल के साथ दिल्ली पहुंचे। इस महारैली में मेवात से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान पिनगवां ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुबारिक मलिक ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई महारैली में भारी जनसैलाब उमड़ा है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की। पिनगवां ब्लॉक अध्यक्ष मुबारिक मलिक ने कहा कि चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी कर देश के कई राज्यों में और देश में भाजपा की सरकार बनवाने का काम कर रहे हैं। चुनाव आयोग की मिलीभगत से वोटों की चोरी कर लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है, जिसके खिलाफ कांग्रेस अपना आंदोलन जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि 'वोट चोर गद्दी छोड़, वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत राहुल गांधी ने पूरे देश में वोट चोरी के खिलाफ आवाज बुलंद की है। आज देश की जनता जाग चुकी है और वोट चोरों को पहचान चुकी है। जब तक वोट चोरों को गद्दी से नहीं हटाया जाएगा और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं होगा, तब तक कांग्रेस का यह आंदोलन सड़क से संसद तक जारी रहेगा।

रोड स्वीपिंग मशीनों के संचालन में लापरवाही पर नगर निगम सख्त, कार्यकारी अभियंता सुंदर श्योराण के खिलाफ मेजर पेनल्टी कार्यवाही के लिए चार्जशीट जारी करने की सिफारिश

मशीनों की हैंडिंग-टेकिंग प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं और आवश्यक दस्तावेजों के अभाव का मामला आया सामने

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम में रोड स्वीपिंग मशीनों के संचालन, रखरखाव एवं हैंडिंग-टेकिंग प्रक्रिया में सामने आई गंभीर अनियमितताओं को लेकर निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने मामले की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यकारी अभियंता सुंदर श्योराण के खिलाफ हरियाणा सिविल सेवा (दंड एवं अपील) नियम, 2016 के नियम-7 के तहत मेजर पेनल्टी कार्यवाही शुरू करने के लिए चार्जशीट जारी करने की सिफारिश की है। इस संबंध में 30 अक्टूबर 2026 को शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा के आयुक्त व सचिव को पत्र भेजा गया है। मामला नगर निगम की मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों के संचालन एवं रखरखाव से संबंधित छह माह के दो अनुबंधों के दौरान मशीनों की हैंडिंग-टेकिंग प्रक्रिया में सामने आई अनियमितताओं से जुड़ा है। निगम द्वारा 20 मशीनों के लिए 26 सितंबर 2026 को कार्यादेश जारी किया गया था, जबकि 5 मशीनों के लिए 12 अगस्त 2026 को कार्यादेश जारी किया गया था। संबंधित अवधि में कार्यकारी अभियंता सुंदर श्योराण इस कार्य के प्रभारी थे।

अतिरिक्त निगमायुक्त की अध्यक्षता में कराई गई जांच

निगमायुक्त द्वारा मामले की जांच अतिरिक्त निगमायुक्त यश जलुका को सौंपी गई थी। उन्होंने 27 अक्टूबर 2026 को जांच की तथा 28 अक्टूबर 2026 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। जांच में संबंधित कार्यकारी अभियंता और एजेंसी के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। जांच रिपोर्ट में मशीनों की हैंडिंग-टेकिंग प्रक्रिया में पर्याप्त तकनीकी सत्यापन नहीं किए जाने, मशीनों एवं उनके कलपुर्जों की वास्तविक स्थिति का उचित लिखित रिकॉर्ड और प्रमाणन उपलब्ध नहीं होने तथा निगम की संपत्तियों की सुरक्षा एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त निगरानी नहीं किए जाने जैसी कमियां सामने आईं। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि पूर्व एजेंसी जे.के. कॉन्ट्रैक्टर से मशीनों की मरम्मत लागत की वसूली तथा अनुबंध के तहत निर्धारित पेनल्टी लगाने के संबंध में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का पर्याप्त प्रमाण नहीं मिला।

नई एजेंसी की जिम्मेदारी में भी सामने आई कमियां

जांच के दौरान नई एजेंसी राधा कृष्ण सोसाइटी लिमिटेड की जिम्मेदारियों की भी समीक्षा की गई। आरएफपी की शर्त संख्या 3.6 के अनुसार एजेंसी को बोली लगाने से पहले मशीनों का निरीक्षण करना तथा उन्हें 'जैसी हैं, जहां हैं' के आधार पर स्वीकार करना था। वहीं, शर्त संख्या 5(डी) के तहत बड़ी मरम्मत सात दिनों के भीतर पूरी की जानी थी। जांच रिपोर्ट में एजेंसी की ओर से निरीक्षण, सत्यापन और मशीनों में पाई गई कमियों को समय पर दूर करने के संबंध में भी कमियां दर्ज की गईं। निगमायुक्त ने दोनों अतिरिक्त निगमायुक्त-सह-क्लस्टर प्रमुखों को 29 अक्टूबर 2026 के पत्र के माध्यम से संबंधित डिफॉल्टिंग एजेंसियों के खिलाफ अनुबंध की शर्तों एवं लागू नियमों के अनुसार पेनल्टी लगाने की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

मशीनों के संचालन और सफाई कार्यों की भी होगी निगरानी

रोड स्वीपिंग मशीनों के संचालन को लेकर समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का भी निगमायुक्त द्वारा संज्ञान लिया गया है। इनमें मशीनों के निर्धारित रूटों पर संचालित नहीं होने, कुछ मशीनों के खड़े रहने तथा सड़कों की सफाई के निर्धारित लक्ष्यों में कमी जैसे मुद्दे सामने आए थे। जांच रिपोर्ट में इन मामलों की पुष्टि के लिए जीपीएस रिकॉर्ड, लॉगबुक और फील्ड निरीक्षण रिपोर्ट का सत्यापन करने की आवश्यकता भी रेखांकित की गई है।

हरियाणा दिवस पर मिट्टी की सोंधी महक और 2121 दीपों की रोशनी से जगमगाया खुरमपुर

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा



फर्रुखनगर। हरियाणा स्थापना दिवस के पावन अवसर पर ग्राम खुरमपुर की धरा मिट्टी की सोंधी महक, लोक-संस्कृति और आपसी भाईचारे के रंग में रंगी नजर आई। समस्त प्रजापति समाज (खुरमपुर) एवं प्रजापति कुम्भकार संघ (रजि.) फर्रुखनगर के संयुक्त तत्वावधान में 10वां ऐतिहासिक मिशन माटी दीप महोत्सव एवं हरियाणा दिवस अत्यंत धूमधाम और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देश के अमर शहीदों, ऋषि-मुनियों तथा सृजनहार भगवान महाराज दक्ष प्रजापति के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-नमन के साथ हुआ।

2121 मिट्टी के दीपों से आलोकित हुआ पंडाल

हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या और उत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में मंचस्थ अतिथियों द्वारा एक साथ 2121 मिट्टी के दीयों का महा-प्रज्ज्वलन किया गया। दीपों की रोशनी से पूरा पंडाल जगमगा उठा। आयोजकों ने संदेश दिया कि यह महोत्सव हमारी पुश्तैनी माटी कला, टेराकोटा क्राफ्ट और हरियाणवी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व संवर्धन का प्रतीक है।

अतिथियों ने दिए विकास के बड़े उपहार

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे हरियाणा माटी कला बोर्ड के चेयरमैन श्री अनूप कुमार प्रजापति ने कहा कि प्रदेश सरकार माटी कलाकारों व हस्तशिल्पियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। विशिष्ट अतिथि जिला परिषद गुरुग्राम की चेयरपर्सन श्रीमती दीपावली चौधरी तथा जिला परिषद वार्ड नं. 08 के सदस्य एडवोकेट यशपाल फरीदपुर ने समाज के सामाजिक भवन 'महाराजा दक्ष प्रजापति भवन' के लिए 11-11 लाख रुपये (कुल 22 लाख रुपये) की विकास ग्रांट देने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं ग्राम पंचायत खुरमपुर की सरपंच श्रीमती अंजू बाला ने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि गाँव में प्रजापति समाज की प्रमुख उपस्थिति को देखते हुए पंचायत स्तर पर भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन का प्रस्ताव प्राथमिकता से पास कराया जाएगा।

26 से अधिक गाँवों के प्रतिनिधियों ने सौंपा माँग-पत्र

समारोह के दौरान फर्रुखनगर ब्लॉक के मुबारकपुर, खंडावला, चंदू, फाजिलपुर बादली, पातली हाजीपुर, ताजनगर, जोनियावास, जमालपुर, पालड़ी, अलीमुद्दीनपुर, बिरहेड़ा, शेखपुर माजरी, सिवाड़ी, गुगाना, करौला, महचाना, फरीदपुर, झांझरौला, सुल्तानपुर, इकबालपुर, भांगरोला, गढ़ी हरसरू, साढ़राना व ढाणी आदि गाँवों से पहुँचे प्रतिनिधियों ने माटी कलाकारों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन अतिथियों को सौंपा। इसमें मिट्टी की सहज उपलब्धता, आधुनिक इलेक्ट्रिक चाक, शेड, टेराकोटा लाइसेंस और पूर्व स्वीकृत जमीनों पर कब्जे की माँगें प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर आयोजक रामचंद्र प्रजापति, हरि सिंह, भीम सिंह ठेकेदार, देवकरण (प्रधान), रामनिवास बारावाल (उप-प्रधान), रोहताश भिवाल, नवीन डाबोदिया, संजय गेदर, डॉ. अमन कुमार, सरपंच शिवताज (ताजनगर), विनोद कुमार (डीघलिया - सदस्य मार्केट कमेटी), लालचंद डीघलिया सहित ब्लॉक के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, मातृशक्ति और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा क्षेत्रवासियों को आगामी दीपावली पर्व की शुभकामनाएँ दी गईं।

प्रजापति कुम्भकार संघ (रजि.) एवं समस्त प्रजापति समाज, फर्रुखनगर (गुरुग्राम)

● श्री रामचंद्र प्रजापति, श्री हरिसिंह प्रजापति, श्री भीमसिंह ठेकेदार, श्री गंगाराम प्रजापति, श्री धन्नाराम प्रजापति, श्री ओमप्रकाश बेरीवाल, श्री रविंद्र कुमार बेरीवाल, श्री बीर सिंह खेकड़िया, श्री जयभगवान उर्फ बबलू प्रधान, श्री सत्ते प्रधान, श्री राजेश कुमार, श्री दुलीचंद, श्री झानिंद्र, श्री फूल कुमार प्रजापति एवं श्री रतन सिंह प्रजापति।

2. प्रजापति कुम्भकार संघ (रजि.) फर्रूखनगर:

● श्री देवकरण - प्रधान
● श्री रामनिवास बरावाल - उप-प्रधान
● श्री रोहताश भिवाल - खजांची
● श्री नवीन डाबोदिया - सचिव एवं आई.टी. प्रमुख (रामनगर मण्डल)
● श्री संजय गेदर - उप-सचिव
● श्री दिनेश
● डॉ. अमन कुमार प्रजापति - मुख्य विचारक (मिशन माटी दीप महोत्सव) एवं कर्मठ युवा सदस्य
● श्री शिवताज जी - सरपंच (ग्राम पंचायत ताजनगर) एवं उप-प्रधान (सरपंच एसोसिएशन, ब्लॉक फर्रूखनगर)
● विनोद कुमार (डीघलिया) - संरक्षक एवं सदस्य (मार्केट कमेटी, फर्रूखनगर)
● श्री अमित कुमार, श्री संजय डाबोदिया, श्री सुरेश प्रजापति, श्री मीर सिंह बारावाल, श्री राजेश कुमार (माजरी)।

नूंह जिले की मंडियों में अब तक 46,477.60 मीट्रिक टन बाजरे की आवक

एक नवंबर को एक दिन में 7.20 मीट्रिक टन बाजरे की हुई खरीद

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। खरीफ खरीद सीजन 2026-27 के तहत नूंह जिले की मंडियों में बाजरे की आवक जारी है। जिले की विभिन्न मंडियों में अब तक कुल 46,477.60 मीट्रिक टन बाजरे की आवक दर्ज की गई है। वहीं, 1 नवंबर को एक दिन में कुल 7.20 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की गई। इसमें नूंह मंडी में 3.30 मीट्रिक टन तथा तावडू मंडी में 3.90 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद शामिल है। उपायुक्त अखिल पिलानी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मंडियों में बाजरा खरीद प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा मंडियों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक की 1 नवंबर 2026 तक की रिपोर्ट के अनुसार, नूंह मंडी में अब तक 2,061.70 मीट्रिक टन बाजरे की आवक दर्ज की गई है। यहां 1 नवंबर को 3.30 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद हुई। इसी प्रकार तावडू मंडी में अब तक 16,495.10 मीट्रिक टन बाजरे की आवक दर्ज की गई है। तावडू मंडी में 1 नवंबर को 3.90 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की गई। रिपोर्ट के अनुसार, फिरोजपुर झिरका मंडी में अब तक 12,952.10 मीट्रिक टन, पुन्हाना मंडी में 14,432.50 मीट्रिक टन तथा पिनगवां मंडी में 536.20 मीट्रिक टन बाजरे की आवक दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले की सभी पांच मंडियों में कुल 46,477.60 मीट्रिक टन बाजरे की आवक हुई है। उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि किसानों की उपज की खरीद जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में खरीद व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। खरीद प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता और व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित किया जाए।

एसआईआर के कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करें अधिकारी, पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करना सुनिश्चित करें : उपायुक्त अखिल पिलानी

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

नूंह। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची को अद्यतन करने के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अखिल पिलानी ने नूंह जिले में एसआईआर के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति से अवगत करवाया। उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाना है। इसके तहत मतदाता सूची में दर्ज प्रविष्टियों का सत्यापन, पात्र मतदाताओं के नाम शामिल करने तथा अपात्र प्रविष्टियों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसआईआर के तहत जारी नोटिसों पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई करते हुए सुनवाई एवं दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल रहना सुनिश्चित किया जाए और किसी भी पात्र व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी बीएलओ मतदाताओं से संपर्क स्थापित कर आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करें तथा मतदाता सूची से संबंधित मामलों का नियमानुसार निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसआईआर से संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। मतदाता सूची में नाम, पते एवं अन्य विवरणों में संशोधन से संबंधित आवेदनों पर भी निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई की जाए। उपायुक्त अखिल पिलानी ने जिलावासियों से अपील की कि एसआईआर के तहत नोटिस प्राप्त करने वाले मतदाता अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क करें और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाते हुए सुनवाई प्रक्रिया में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सही एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें प्रत्येक पात्र मतदाता का सहयोग आवश्यक है।

खरखौदा में कुश्ती गोल्ड कप का रोमांच, पहलवानों ने अखाड़े में दिखाया दमखम: विधायक कादियान ने किया सम्मानित

ओपन सर्च/ मनदीप कुमारा

सोनीपत। दीनबंधु छोटूराम रेसलिंग एकेडमी, खरखौदा में कुश्ती सम्राट गुरु द्रोणाचार्य कैप्टन चांदरूप की स्मृति में कुश्ती गोल्ड कप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु एवं भार वर्गों के महिला और पुरुष पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर अपनी ताकत, तकनीक और चुस्ती-फुर्ती का शानदार प्रदर्शन किया। पहलवानों के रोमांचक मुकाबलों पर दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। आयोजक एवं हिंद केसरी जोगिंदर पहलवान ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। विधायक कादियान ने अखाड़े में पहुंचकर पहलवानों का हाथ मिलवाया और कुश्ती प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न मुकाबलों में विजेता रहे पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि कुश्ती मिट्टी से जुड़ा पारंपरिक खेल है, जो युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना पैदा करता है। आज बेटियां भी कुश्ती जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। खेलों में लड़कियों की बढ़ती भागीदारी समाज में सकारात्मक बदलाव का संकेत है। बेटियों को भी बेटों के समान अवसर और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना बेहद जरूरी है, ताकि खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।



ये पहलवान रहे विजेता

अंडर-10 (32 किलोग्राम): मोक्ष प्रथम, जैसमिन द्वितीय और शौर्य तृतीय।

अंडर-17 (48 किलोग्राम): अभिनव प्रथम, आर्यन द्वितीय और नमन तृतीय।

अंडर-17 (42 किलोग्राम): रमन प्रथम, रूपेश द्वितीय और हर्षित तृतीय।

57 किलोग्राम वर्ग: अमन प्रथम, मनीष द्वितीय और शुभम तृतीय।

70 किलोग्राम वर्ग: कृष्ण प्रथम, विनय द्वितीय और विशाल तृतीय।

55 किलोग्राम महिला वर्ग: मोहिनी प्रथम, अंजली द्वितीय और काजल तृतीय।

अंडर-17 (87 किलोग्राम): दीपांशु प्रथम, विशाल द्वितीय और शिवम तृतीय।

सीनियर (97 किलोग्राम): अर्जुन प्रथम, मंजीत द्वितीय और सागर तृतीय।

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के अन्य भार वर्गों में भी पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश समुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

दीपावली पर रोशनी से जगमगाएगा गांधी नगर, सजावट पर खर्च होंगे 9 लाख रुपये : देवेंद्र कादियान

जनता दरबार में विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं, कई शिकायतों का मौके पर किया समाधान; अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

ओपन सर्च / मनदीप कुमार



गन्नौर। गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के लोगों की निजी एवं सार्वजनिक समस्याएं सुनीं। इस दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया गया, जबकि अन्य मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक कादियान ने बताया कि इस बार दीपावली पर गन्नौर के साथ रेलवे लाइन के दूसरी ओर स्थित गांधी नगर को भी रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा। पहली बार गांधी नगर को नगरपालिका की दीपावली सजावट योजना में शामिल किया गया है, जिसके लिए करीब 9 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उद्देश्य है कि शहर का हर हिस्सा दीपावली पर रोशनी से जगमगाए और लोगों को त्योहार की खुशियों में समान भागीदारी मिले। कादियान ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह जनता दरबार लगाया जाता है, ताकि लोगों को अपनी शिकायतों के लिए भटकना न पड़े और उनकी समस्याओं पर तुरंत संज्ञान लिया जा सके।

दया सेवा समिति द्वारा धूमधाम से संपन्न हुआ प्रथम विशाल माँ भगवती जागरण

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



तरावड़ी। दया सेवा समिति के तत्वावधान में प्रथम विशाल माँ भगवती जागरण का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में क्षेत्र के हज़ारों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर माँ भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ भगवती की पवित्र ज्योति प्रज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात विद्वान आचार्यों द्वारा विधि-विधान से पूजन एवं गणेश वंदना संपन्न कराई गई।जागरण में आमंत्रित प्रसिद्ध भजन गायकों ने माँ दुर्गा की महिमा का बखान करते हुए एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी। "चलो बुलावा आया है", "तुने मुझे बुलाया शेरावालिए" और "माँ मुरादें पूरी करदे" जैसे कालजयी भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते नजर आए। जागरण के दौरान प्रस्तुत की गईं विभिन्न धार्मिक झांकियां (जैसे शिव-पार्वती नृत्य, महाकाली रूप और हनुमान जी का प्रसंग) आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं, जिन्हें देखकर पूरा पांडाल माँ के जयकारों से गूंज उठा। दया सेवा समिति के अध्यक्ष/प्रतिनिधि ने सभी आगंतुकों, अतिथियों और सेवादारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों और निस्वार्थ सेवा भाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी समिति द्वारा ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। तड़के माँ भगवती की भव्य आरती और तारा रानी की कथा के साथ जागरण का समापन हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में दया सेवा समिति के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और स्थानीय स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। सभी मुख्य अतिथियो को सम्मानित किया गया। इस पावन अवसर पर दयावान सिंगला,संदीप पाहुजा,अरुण सैनी,वीरेंद्र जांगड़ा,सुनिश परवेज़ राणा ,मोहित जांगड़ा,अनुज गुप्ता,नीरज गिरधर,अनिल चुग,राकेश भटनागर,यशपाल गिरधर शमी,सचदेवा,अशोक जांगड़ा ,विपिन छाबड़ा,परवीन गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन आमंत्रित 30 तक करें ऑनलाइन आवेदन, मिलेगा 2,000 रुपये तक मासिक भत्ता

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



करनाल। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को आर्थिक संबल देने के लिए सामान्य बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। पात्र युवा 30 नवंबर तक इंटरनेट के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत बारहवीं उत्तीर्ण, दो वर्ष का प्रमाण पत्र अथवा डिप्लोमा धारक युवाओं को 1,200 रुपये प्रतिमाह तथा स्नातक या उससे उच्च शिक्षा प्राप्त अथवा तीन वर्ष का डिप्लोमा धारक युवाओं को 2,000 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदक का हरियाणा का मूल निवासी होना और 1 नवंबर 2026 तक राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में कम से कम लगातार तीन वर्ष से पंजीकृत होना अनिवार्य है। आवेदक की आयु 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वह किसी संस्थान में विद्यार्थी या प्रशिक्षु नहीं होना चाहिए, न ही स्वयं नियोजित हो और न ही सक्षम युवा योजना का लाभार्थी हो। इसके अलावा आवेदक के परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। परिवार के पास 10 लाख रुपये से अधिक मूल्य की रिहायशी या वाणिज्यिक संपत्ति अथवा 2 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि भी नहीं होनी चाहिए। इच्छुक युवा विभागीय वेबसाइट hrex.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के समय परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, आधार से जुड़ी बैंक पासबुक, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राजस्व अधिकारी द्वारा सत्यापित संपत्ति संबंधी शपथ पत्र तथा स्व-घोषणा पत्र संलग्न करना आवश्यक है। विवाहित महिला आवेदकों को ससुराल पक्ष का राशन कार्ड भी प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि विभागीय नियमों और शर्तों को पूरा करने वाले युवा अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते वेबसाइट पर पंजीकरण एवं आवेदन सुनिश्चित करें, ताकि वे योजना के लाभ से वंचित न रहें।

एचआईवी टेस्ट की मासिक रिपोर्ट सिविल सर्जन कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें निजी अस्पताल : एडीसी डॉ. राहुल रईया

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



करनाल। एडीसी डॉ. राहुल रईया की अध्यक्षता में सोमवार को निजी अस्पतालों के चिकित्सकों के साथ एचआईवी जांच से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीसी ने निर्देश दिए कि जिले के सभी निजी अस्पतालों में होने वाले एचआईवी टेस्ट की जानकारी प्रतिमाह सिविल सर्जन कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें, ताकि जिले में एचआईवी संक्रमित मरीजों का उचित रिकॉर्ड रखा जा सके और उन्हें समय पर उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। एडीसी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में एचआईवी की जांच एवं उपचार की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। निजी अस्पतालों को चाहिए कि एचआईवी जांच में पॉजिटिव पाए जाने वाले मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध निःशुल्क उपचार सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दें, ताकि मरीज बिना किसी आर्थिक परेशानी के अपना उपचार करवा सकें। उन्होंने कहा कि जिले के सभी एचआईवी संक्रमित मरीजों का समुचित रिकॉर्ड उपलब्ध होना आवश्यक है। इसके लिए सभी संबंधित निजी अस्पताल निर्धारित प्रक्रिया के तहत एचआईवी जांच से संबंधित जानकारी स्वास्थ्य विभाग के साथ साझा करें और इस कार्य में पूर्ण सहयोग दें। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. शशि, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. मनीष गोयल सहित विभिन्न निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि एवं चिकित्सक मौजूद रहे।

लाडवा बस स्टैंड से खाटू श्याम जी के लिए विशेष बस सेवा 3 नवम्बर से शुरू :विश्राम कुमार मीणा

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा राज्य परिवहन कुरुक्षेत्र द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लाडवा बस स्टैंड से खाटू श्याम जी के लिए विशेष सीधी बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष बस सेवा 3 नवम्बर 2026 दिन मंगलवार से नियमित रूप से संचालित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह बस लाडवा बस स्टैंड से प्रातः 6:10 बजे प्रस्थान करेगी और नया बस स्टैंड कुरुक्षेत्र से प्रातः 6:40 बजे वाया कुरुक्षेत्र होते हुए खाटू श्याम जी के लिए रवाना होगी। वापसी में यही बस अगले दिन खाटू श्याम जी से प्रातः 6:30 बजे लाडवा के लिए रवाना होगी। उन्होंने कहा कि इस बस सेवा के शुरू होने से कुरुक्षेत्र और लाडवा क्षेत्र के श्रद्धालुओं को खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए सीधी और सुगम यात्रा सुविधा मिलेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे बस के समय-सारणी की विस्तृत जानकारी के लिए लाडवा तथा कुरुक्षेत्र बस स्टैंड के पूछताछ केंद्र व बुकिंग काउंटर से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर बस स्टैंड पर पहुंचकर इस विशेष बस सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

दीपावली से पहले जगमगाएगा करनाल, खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने में जुटा नगर निगम : सलोनी शर्मा, निगमायुक्त

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। दीपावली के त्यौहार पर शहर की हर गली, चौराहें और सडक्रें रोशनी से जगमगाएं तथा नागरिकों को आवागमन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए नगर निगम करनाल ने विशेष अभियान चलाया हुआ है। निगमायुक्त सलोनी शर्मा के निर्देश पर विद्युत शाखा के अधिकारी एवं इंजीनियरिंग टीमें युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए शहर की स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइटों को दुरुस्त करवाने में जुटी हैं। निगम का लक्ष्य है कि दीपावली से पहले शहर के सभी वार्डों में खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाकर प्रकाश व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए।

वार्डों में नियमित निरीक्षण, खराब लाइटों को तुरंत ठीक करवाने के निर्देश।

नगर निगम की विद्युत शाखा की टीमें प्रतिदिन अलग-अलग वार्डों का दौरा कर स्ट्रीट लाइटों एवं हाई मास्ट लाइटों की स्थिति का जायजा ले रही हैं। निरीक्षण के दौरान जहां भी लाइट खराब मिलती है, उसे प्राथमिकता के आधार पर संबंधित एजेंसी के माध्यम से ठीक करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पार्षदों, वार्ड समिति सदस्यों तथा नागरिकों की ओर से मिलने वाली शिकायतों पर भी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। निगम के टोल फ्री नंबर 1800 180 2700 और स्ट्रीट लाइट शिकायत नंबर 0184-2200600 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को संबंधित एजेंसी तक पहुंचाकर उनका समाधान करवाया जा रहा है, ताकि किसी भी क्षेत्र में लंबे समय तक अंधेरे की स्थिति न बनी रहे।

9 से 10 वार्डों में लाइटें दुरुस्त, शेष वार्डों में भी जारी है अभियान।

उन्होंने बताया कि विद्युत शाखा की ओर से अब तक करीब 9 से 10 वार्डों में खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाया जा चुका है। शेष वार्डों में भी नियमित रूप से निरीक्षण और मरम्मत का कार्य जारी है। उन्होंने अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए हैं कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और दीपावली पर्व से पहले सभी वार्डों की खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्यौहार के मद्देनजर शहर की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाना निगम की प्राथमिकता है। इसके लिए विद्युत शाखा के अधिकारियों को कार्य की नियमित निगरानी करने तथा प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

नागरिक खराब स्ट्रीट लाइटों की सूचना निगम को दें-निगमायुक्त।

निगमायुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि यदि उनके क्षेत्र, गली, सडक़ अथवा चौराहे पर कोई स्ट्रीट लाइट या हाई मास्ट लाइट खराब दिखाई देती है, तो इसकी सूचना तुरंत नगर निगम को दें। निगम द्वारा प्राप्त शिकायत पर निर्धारित समयावधि में कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और रोशनी से परिपूर्ण बनाने में नागरिकों का सहयोग भी महत्वपूर्ण है।

ग्राम विकास की योजनाओं पर राष्ट्रीय मंथन

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



नीलोखेड़ी। जन योजना अभियान 2026-27 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में देशभर के पंचायती राज अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों की विकास योजनाओं को सहभागी, समावेशी और परिणामोन्मुख बनाने पर विचार-विमर्श किया। नई दिल्ली में आयोजित इस आयोजन में हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने भी हिस्सा लिया। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि जन योजना अभियान (पीपुल्स प्लान कैंपेन) का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर जनभागीदारी के माध्यम से सहभागी ग्राम विकास योजनाओं का निर्माण करना है। इसमें ग्राम पंचायतों की स्थानीय विकास प्राथमिकताओं को योजनाओं में शामिल करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। योजनाओं एवं संसाधनों का अभिसरण तथा ग्रामीण समुदाय की सक्रिय भागीदारी इस अभियान के महत्वपूर्ण आधार हैं। कार्यशाला में 16वें वित्त आयोग के अंतर्गत ग्राम विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों, उनसे संबंधित प्रावधानों एवं नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने जन योजना अभियान के क्रियान्वयन से जुड़े अनुभव साझा किए तथा प्रभावी संचालन के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यशाला में हरियाणा का प्रतिनिधित्व हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान, पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त निदेशक आशुतोष राजन, श्रीमती नीलम एवं श्रीमती मीनू सहित करीब डेढ़ दर्जन अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया। डॉ. चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभागियों को विभिन्न विभागीय पोर्टलों की कार्यप्रणाली, उनके उपयोग तथा ग्राम पंचायतों की विकास योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। पोर्टलों के माध्यम से योजनाओं की बेहतर निगरानी, पारदर्शिता और प्रभावी क्रियान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा हुई। डॉ. चौहान ने बताया कि कार्यशाला के समापन सत्र में केंद्रीय पंचायत मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उपाख्य ललन सिंह ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने, ग्राम पंचायतों की विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से तैयार करने तथा ग्रामीण विकास में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के महत्व पर अपने विचार रखे। डॉ. चौहान ने कहा कि जन योजना अभियान केवल वार्षिक विकास योजनाएं तैयार करने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह ग्राम पंचायतों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास की प्राथमिकताएं निर्धारित करने और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने में सक्षम बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ग्राम सभा की सक्रिय भागीदारी से तैयार योजनाएं ही सहभागी एवं जन-केंद्रित ग्राम विकास का मजबूत आधार बन सकती हैं।

शहरवासियों से अपील, कचरे का पृथक्करण बनाएं जन-जन की मुहिम : अजीत कुमार

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



तरावड़ी। शहर तरावड़ी में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और शहर को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से नगर पालिका सचिव अजीत कुमार के निर्देशानुसार कचरे के पृथक्करण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहर में 'फोर बिन कैंपेन' के माध्यम से लोगों को घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सुगम स्वच्छता टीम और नगर पालिका की स्वच्छता टीम द्वारा घर-घर जाकर नागरिकों को गीला कचरा, सूखा कचरा सहित अन्य प्रकार के कचरे को निर्धारित डस्टबिन में अलग-अलग रखने की जानकारी दी जा रही है। टीम के सदस्य लोगों को कचरे के सही निस्तारण के महत्व के बारे में भी जागरूक कर रहे हैं। अभियान के दौरान जिन घरों से कचरा अलग-अलग करके नहीं दिया जा रहा, वहां टीम के सदस्य मौके पर ही परिवार के सदस्यों को समझाकर कचरे का पृथक्करण करवा रहे हैं, ताकि लोगों में इसकी आदत विकसित हो सके। नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने शहरवासियों से अपील की कि वे इस अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम न समझें, बल्कि इसे जन-जन की मुहिम बनाएं। प्रत्येक नागरिक अपने घर से ही स्वच्छता की शुरुआत करे और कचरे को अलग-अलग करके ही सफाई कर्मचारियों को सौंपे।

उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में आम नागरिकों की भागीदारी बेहद जरूरी है। सभी के सहयोग से ही तरावड़ी को स्वच्छता के क्षेत्र में एक आदर्श शहर बनाया जा सकता है।

कार्तिक मास की पावन कथा सुनने से होती है पुण्य की प्राप्ति : पंडित पवन कौशिक

ओपन सर्च / वेद बहल



झज्जर। सिद्ध बाबा कांशीगिरि जी महाराज मन्दिर के प्रांगण में महिला संकीर्तन मंडली के तत्वावधान में चल रही दूसरी कार्तिक मास की कथा में कथा वाचक पंडित पवन कौशिक ने कहा कि नियमित रूप से भगवान का स्मरण करना भक्ति का हिस्सा है। भगवान विष्णु और श्री कृष्ण की विधिवत पूजा करने का विशेष महत्व है। कार्तिक मास में धार्मिक कथाओं का श्रवण करना अत्यंत पुण्यदायी होता हैं। यह मास अपने आप में आधात्मिक ऊर्जा का खजाना है, जो भक्तों के जीवन में सुख शांति और समृद्धि प्रदान करता हैं। इस महीने में सभी को प्रतिदिन कार्तिक मास की पावन कथा पढ़ने या सुनने से पुण्य की प्राप्ति होती हैं। कार्तिक मास में भगवान शिव और माता पार्वती की उपासना का विशेष महत्व है। भगवान शिव के सामने दिया जलाना दीप दान कहलाता हैं। कार्तिक मास में ऐसा करने से मनोकामना पूर्ण होती है। कार्तिक मास सोमवार को पूजा अर्चना भक्तों के लिए शुभ माना जाता हैं। महिला संकीर्तन मंडली की संतोष हंस, रोजी नारंग, इंदू भूगड़ा ने आनन्द ही आनन्द आता है जब हरी से तार जुड़ जाता हैं....संगीता वर्मा, संध्या आर्य, सन्तोष अरोड़ा, पूनम छाबड़ा, शशी बहल ने तुलसा तू कितनी प्यारी है तेरे संग में बांके बिहारी है..सुषमा गोसाई ने तुलसी तेरे पत्ते में श्याम बसते हैं.....भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कथा के विश्राम पर भगवान की आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर प्रधान सुधांशु हंस, राजकुमार चुघ, इंदू देवराज भूगड़ा, रमेश लखेरा प्रधान, नारायणी सरदाना, शीला देवी चुघ, विशन वधवा सहित अन्य मौजूद रहे।

गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व की तैयारियां शुरू, 11 नवंबर से निकलेंगी प्रभात फेरियां : जगतार सिंह

ओपन सर्च / मनदीप कुमार



समालखा। जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व को लेकर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने प्रेस वार्ता में बताया कि प्रकाश पर्व 24 नवंबर को गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब में संगत के सहयोग से श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी 11 नवंबर से 23 नवंबर तक प्रतिदिन अमृत वेले सुबह 4 बजे प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। प्रभात फेरियां निशान साहिब की अगुवाई में आयोजित होंगी। प्रधान ने संगत से धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और प्रभात फेरियों में शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर श्याम सिंह, अमनदीप सिंह, जीवन सिंह, कुलदीप सिंह, अमरजीत सिंह, गुरजीत सिंह, अमित छाबड़ा, सुरेंद्र कुमार और हैप्पी कपूर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

म्हारी छोरियां किसी भी क्षेत्र में नही छोरों से कम- जीता गोल्डमेडल : भगवतदयाल शर्मा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर कक्षा छठी की छात्रा 11 वर्षीय अवनी शर्मा पुत्री एडवोकेट चंद्रमोहन शर्मा के रोल बॉल अर्बन एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की गई स्कार्टिंग प्रतियोगिता में गोल्डमेडल जीतने पर हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा और यहां पर शहर के वार्ड-5 में रहने वाले और ब्राहमणसभा से जुड़े पंडित भगवतदयाल शर्मा, सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, ब्राहमणसभा के पूर्व प्रधान अनिल भारद्वाज कोकी, डाक्टर रामवीर गोस्वामी, आचार्य लोकेश भारद्वाज ने बधाई दी है। उन्होने कहा कि अवनी शर्मा ने गोल्डमेडल जीतकर दिखा दिया है कि म्हारी छोरियां आज किसी भी क्षेत्र में छोरों से तनिक भी कम नही है। देखने में आ रहा है कि ब्राहमण समाज के साथ-साथ सर्व समाज के लोग सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रमोहन शर्मा एडवोकेट के आवास पर आकर उन्हे और उनकी धर्मपत्नी पंडिताईन लोकेश कुमारी तथा गोल्डमेडल जीतकर अपने स्कूल, क्षेत्र, जिले व प्रदेश का नाम गौरान्वित करने वाली छात्रा खिलाड़ी अवनी शर्मा को बधाई दे रहे है तो पंडित भगवतदयाल शर्मा, एडवोकेट चंद्रमोहन शर्मा और पंडिताईन लोकेश कुमारी को बधाई दे रहे है तो यह भी बधाई देने आए लोगों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशियों को एक-दूसरे से सांझा कर रहे है।

दीवाली के त्यौहार के चलते रदद की गई डाक्टरों की छुटिटयां : एसएमओ डाक्टर रणविजय सिंह



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): स्वास्थ्य निदेशालय ने दीवाली के त्यौहार के चलते सभी डाक्टरों की छुटिटयां रदद कर दी है और एहतियात के तौर पर इमरजेंसी में राउंड ओ क्लाक डाक्टरों की ड्यूटी लगाई है। इतना ही नही डाक्टरों के साथ-साथ इमरजेंसी वार्ड में मेडीकल टैक्निशन और इंटर्न की संख्या भी बढ़ाई है। सोमवार को उपरोक्त जानकारी देते हुए स्थानीय सरकारी अस्पताल में कार्यरत एसएमओ डाक्टर रणविजय सिंह ने बताया कि दीवाली पर लोगों को अस्पताल आने पर तुरंत इलाज मिले, इसलिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी डाक्टरों की छुटिटयां तत्काल प्रभाव से रदद कर दी है और जिला मुख्यालय स्थित सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी में त्वचा और आंखों के विशेषज्ञों की ड्यूटी 24 घंटे लगाई गई है। स्थानीय सरकारी अस्पताल में कार्यरत एसएमओ डाक्टर रणविजय सिंह ने बताया कि दीवाली के त्यौहार के दृष्टिगत यहां सरकारी अस्पताल में कार्यरत सभी डाक्टरों की छुटिटयां तत्काल प्रभाव से रदद कर दी गई है। डाक्टरों को 24 घ्ांटे अस्पताल में मौजूद रहने को कहा गया है। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भी डाक्टर और नर्सिंग स्टॉफ दिन-रात मौजूद रहेंगे।

पटाखों से बचाए पैसों को गरीबों पर खर्च किया जाए : भाजपा नेता हरीश नंदा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष और पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने लोगों को दीवाली, गौवर्धन, भैयादौज, गंगास्नान की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दीवाली दीपों का त्यौहार है। मनुष्य को अपने अंदर की बुराईयों को नष्ट कर ज्ञान के दीपक का प्रकाश फैलाना चाहिए। तभी दीवाली की सार्थकता है। उन्होने बताया कि हिंदू धर्म के अनुसार भगवान राम 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या वापिस लौटे थे। उसी दिन भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष प्राप्त हुआ था। भाजपा नेता व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के सपने को साकार बनाने में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका देश को नई दिशा देने का काम कर रही है। इस बार वह सपरिवार फूलों और मिठाई से ही दीवाली मनाएंगे और लोगों को इस बात के लिए जागरूक बनाएगे कि वह पटाखे और प्रदूषण मुक्त दीपावली धूमधाम से मनाए।

गरीबों के घरों में उजियाला बनाने के लिए मोमबत्ती की जगह जलाए दीये : मोहित खटटर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े प्रमुख समाजसेवी व बाली स्वीटस गु्रप निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर ने त्यौहारी सीजन में आम जनमानस से आग्रह किया है कि वह आधुनिकता के इस युग में अपनी प्राचीन परम्पराओं और संस्कृति को हर्गिज ना भूले। दीवाली के त्योहार पर लोग भले ही मोमबत्ती, रंग-बिरंगी लाइटें और लडिय़ों, झालरों आदि को प्राथमिकता दे लेकिन दीवाली पर अपने घरों, चौक-चौराहों, मंदिरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर मिटटी के दीयों को घी से जलाकर रोशनी का काम करे। उन्होने कहा कि खुशी की बात यह है कि बाजार में इस बार मिटटी के बने तरह-तरह के डिजाइनों वाले दीये सहज रूप में उपलब्ध नजर आ रहे है। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े प्रमुख समाजसेवी व बाली स्वीटस गु्रप निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर ने बताया कि चाक पर हाथ से बनाए गए इन मिटटी के दीयों को उपयोग में लाने से आमदनी होने पर गरीबों के घरों में भी उजियाला फैलेगा और उनके परिवार की आजीविका भी अच्छे से चलेगी। इस मौके पर सभा के मुख्य सेवक लव जुनेजा, विपिन मल्होत्रा, तिलकराज डूडेजा भी मौजूद रहे।

साहिल यादव को एचसीएस में चयनित होने पर राजीव यादव ने दी बधाई : राजीव यादव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी और पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव ने साहिल यादव को हरियाणा सिविल सेवा में चयनित होने पर क्षेत्र के यादव-अहीर समाज की तरफ से बधाई दी है और उन्हे क्षेत्र, प्रदेश और देश के यादव-अहीर समाज का गौरव बताया है। उन्होने समाज के युवाओं से आग्रह किया कि वह हरियाणा सिविल सेवा में चयनित साहिल यादव से प्रेरणा लेकर अपने परिवार, समाज, क्षेत्र और प्रदेश का नाम गौरान्वित करने में आगे आए। उन्होने शिक्षा को अमूल्य धन बताते हुए कहा कि शिक्षित व्यक्ति अपने परिवार, समाज, क्षेत्र व प्रदेश के साथ-साथ देश की उन्नति, खुशहाली में अहम भूमिका निभाता है जबकि अशिक्षित व्यक्ति समाज में पशु तुल्य है। हमें चाहिए कि हम अपने बालक-बालिकाओं में नैतिक संस्कारों के साथ-साथ उन्हे उच्च शिक्षा दिलाए।

पटाखों पर रोक के बावजूद वाटसअप से हो रही पटाखों की बिक्री

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): दीवाली पर पटाखों की बिक्री, भंडारण और चलाने पर लगाई गई रोक के बावजूद पटाखा विक्रेताओं ने पटाखे बेचने के लिए वाटसअप, फेसबुक का सहारा लेना शुरू कर दिया है। पटाखों की वाटसअप पर आर्डर लेकर आपूर्ति का धंधा जमकर चल रहा है। यही कारण है कि पटाखों की हो रही कालाबाजारी के चलते जहां पटाखे कई गुणा ज्यादा महंगे दामों पर चोरी-छिपे बिक रहे है तो वही पटाखों की कालाबाजारी के बावजूद पटाखों की ज्यादातर वैरायटियां पटाखा विक्रेताओं पर अब नही रही है। कई पटाखा विक्रेताओं ने नाम व पहचान का खुलासा ना किए जाने की शर्त पर बताया कि इस बार पटाखों को लेकर पुलिस ने जबरदस्त सख्ती बरती हुई है। पुलिस की बरती जा रही सख्ती और दीवाली पर पटाखों की बिक्री, वाटसअप कॉल और फेसबुक पर आर्डर बुक किए।

भाजपा नेता नारायण भड़ाना ने किया दीवाली मिलन समारोह का आयोजन



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर नयागांव में रहने वाले भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व नगरनिगम पार्षद नारायण भड़ाना द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर भव्य दीपावली मिलन समारोह एवं गेट-टुगेदर का आयोजन किया गया। समारोह में 400 से अधिक लोगों ने शिरकत की। सोहना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा नेता नारायण भड़ाना ने सभी का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। समारोह में आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश देखने को मिला।

चार पीढिय़ों की विधायी विरासत एक मंच पर आई नजर : भाजपा नेता राकेश जैन



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि संविधान पखवाड़ा के तहत संवैधानिक मूल्यों व संसदीय प्रणाली के प्रति आम जनमानस को जागरूक बनाने के लिए पंचकूला स्थित इंद्रधनुष सभागार में विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण की अध्यक्षता में आयोजित किए गए कार्यक्रम में राज्य की राजनीति और विधायी इतिहास की 4 पीढिय़ां एक मंच पर नजर आई। भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि इस सत्र का शुभारम्भ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में किया जबकि सत्र का समापन राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष करेंगे। उन्होने कहा कि खुशी की बात यह है कि इस सम्मेलन में मौजूदा विधायकों के साथ-साथ 176 पूर्व विधायकों, 4 पूर्व विधानसभा अध्यक्षों में ज्ञानचंद गुप्ता, कंवरपाल गुर्जर, कुलदीश शर्मा और डाक्टर रघुबीर सिंह कादियान तथा 2 पूर्व उपाध्यक्षों आजाद मोहम्मद और संतोष यादव के साथ-साथ 7-7 बार विधायक चुने गए अनिल विज और डाक्टर रघुबीर सिंह कादियान व 6 बार विधायक रहे नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुडडा और पूर्वमंत्री प्रोफेसर संपत सिंह के साथ ही राज्य के वरिष्ठतम पूर्व विधायकों में शामिल गणपत राय, ओपी भारद्वाज तथा महिला जनप्रतिनिधियों में वरिष्ठतम आयु वर्ग में सावित्री जिंदल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि नई पीढ़ी में सबसे युवा विधायक आदित्य सुरजेवाला और सबसे युवा महिला विधायक विनेश फौगाट समेत राज्य की 4 पीढिय़ां एक मंच पर आज एक साथ नजर आई।

श्रीराममंदिर में जलाए जाएंगे दो लाख दीए : भाजपा नेता दिनेश शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन चेयरमैन रहे व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि इस बार 8 नवम्बर को कार्तिक अमावस्या वाले दिन दीपावली बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधामपूर्वक मनाई जाएगी। खुशी की बात यह है कि इस दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार उत्तरप्रदेश के अयोध्या स्थित श्रीरामनगरी में दीवाली पर सरयू नदी के तट पर 56 घाटों पर 10वें दीप महोत्सव के तहत दीवाली को दिव्य व भव्य बनाने के लिए गौमाता के गोबर से तैयार कराए गए 28 लाख दीपों से घाटों व कुंडों को रोशन करेगी। उन्होने बताया कि प्रभु श्रीराममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दीपोत्सव को यादगार बनाए जाने के लिए इस बार प्रभु श्रीराममंदिर परिसर में गाय के गोबर से तैयार कराए गए दीए जलाए जाएंगे। छोटी और बड़ी दीपावली पर दोनों दिनों में एक-एक लाख दीयों से प्रभु श्रीराम का मंदिर जगमग होगा। अच्छी बात यह है कि इन दीयों को देशी गाय के गोबर, मोम और सरसो के तेल से तैयार कराया गया है। नगरनिगम की बेसिंह स्थित कान्हा गौशाला के साथ-साथ महिला समूह के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार यह दीए तैयार करा रही है। इस गौशाला में दर्जनों कारीगर मशीनों से दीए तैयार कर रहे है तो इसके अलावा हाथों से भी दीए तैयार कराए जा रहे है। उन्होने बताया कि राममंदिर में दीप महोत्सव को विशेष बनाने के लिए पूरे मंदिर परिसर में फूलों के साथ 4 भव्य द्वार भी बनाए जाएंगे। मंदिर के अलग-अलग हिस्सों को आकर्षक बनाने के लिए रंग-बिरंगी



आकर्षक रोशनी और तरह-तरह के पुष्पों से सजाया जाएगा। छोटी दीवाली पर दीप महोत्सव के मुख्य आयोजन के साथ-साथ अयोध्या में श्री हनुमान जयंती भी धूमधाम से मनाई जाएगी। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन चेयरमैन रहे व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनके अस्थाई मंदिर को हनुमानमंदिर के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। दीप महोत्सव पर मुख्य मंदिर परिसर को अत्याधुनिक लाइटों व सुगंधित फूलों से सजाया जाएगा। वही अस्थाई मंदिर यानी हनुमानमंदिर का भी विशेष अलंकरण होगा। जिसके लिए 5 अलग-अलग जोन बनाकर टीमों को जिम्मेदारी वितरित की गई है। उन्होने बताया कि श्रीराम लला मंदिर अर्चक प्रमुख आचार्य केशव शर्मा को पहले जोन की जिम्मेदारी दी गई है। इस पहले जोन में मंदिर प्रांगण, हूतात्मास्मारक और पंचवटी समेत अन्य स्थानों पर दीप प्रज्जवलन होगा। इसकी जिम्मेदारी चंद्रन दीक्षित को दी गई है। यहां भी 30 हजार से अधिक दीप जलाए जाएंगे तो तीसरे जोन में वापिसी दर्शन मार्ग एवं पीएफसी वापिसी दर्शन मार्ग, यात्री सुविधा केन्द्र, पीएफसी प्लाजा और नरटीला में भी पीपी मिश्रा की अगुवाई में 14 हजार से अधिक दीप जलाए जाएंगे।

हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन चेयरमैन रहे व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि चौथे जोन में यात्री सेवा केन्द्र, अंगटीला, माता सीता रसोई और रामानंदाचार्य द्वार समेत अन्य स्थानों पर 13 हजार दीप प्रज्जवलित करने की जिम्मेदारी सेवानिवृत कैप्टन जेपी त्रिवेदी और उनकी टीम को दी गई है। तो 5वें जोन में प्रभु श्रीराम जन्मभूमि पथ व दर्शन मार्ग, सिंह द्वार और चरण पादुका क्षेत्र में 13 हजार से ज्यादा दीप प्रज्जवलित करने की जिम्मेदारी नरेन्द्र कुमार को सौंपी गई है।

सोहना में कर्मचारियों के लिए 13 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में बनेंगे आवास : डाक्टर रतनपाल खटाना



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना ने बताया कि सोहना आईएमटी औद्योगिक माडल टाउनशिप में जल्द ही 22 हजार वर्ग से अधिक भूमि क्षेत्र में एक आधुनिक टूल रूम और डिजाईन सेंटर बनेगा। ऐसा होने पर औद्योगिक क्षेत्र में नए कौशल को बढ़ावा मिलेगा तो उद्यमियों के अनुसंधान व नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। ऐसा होने पर उद्यमियों को बाहर जाने की जरूरत नही पड़ेगी। उन्होने बताया कि आईएमटी सोहना में एचएसआईआईडीसी 500 एकड़ भूमि पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र विकसित कर रहा है और इस क्षेत्र में उद्यमियों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक टूल रूम और डिजाईन केन्द्र बनाने की तैयारी हो रही है। उन्होने बताया कि यहां पर स्टार्टअप की मदद के लिए 5 हैक्टेयर जमीन आवंटित की गई है और खुशी की बात यह है कि सोहना आईएमटी में काम करने वाले कर्मचारियों और पेशेवरों को रहने की अच्छी सुविधा देने के लिए 13 हजार वर्ग मीटर भूमि आवास के लिए आवंटित की गई है। आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना ने बताया कि आईएमटी सोहना के विकसित होने से यहां रोजगार के नए-नए अवसर बढ़ेंगे और सोहना के साथ-साथ आसपास लगते पलवल, नूंह, मेवात व गुरूग्राम के युवाओं को भी घर बैठे रोजगार मिलेगा।

आर्बिटल रेल कारिडोर की निर्माणाधीन टनल में तीसरी बार धंसी जमीन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना हलका के गांव सहसोला-पाटूका क्षेत्र में हरियाणा आर्बिटल रेल कारिडोर की निर्माणाधीन टनल एक बार फिर धंस गई है। के एमपी के साथ बन रही इस टनल के तीसरी बार धंसने से किसान दहशत में है। गनीमत यह रही कि इस बार भी कोई बड़ा हादसा होने से बच गया और कोई जन हानि नही हुई लेकिन एक महीने के अंदर तीसरी बार टनल धंसने से किसानों में भारी गुस्सा और दहशत का माहौल है। किसानों ने बताया कि रविवार की दोपहर अचानक टनल का एक बड़ा हिस्सा धंस गया। टनल धंसने का यह सिलसिला पांच अक्टूबर को शुरू हुआ। उसके बाद दस अक्टूबर को टनल धंसी थी। उस वक्त गेल की पाइपलाइन को नुकसान हुआ था और अब तीसरी बार हरियाणा दिवस वाले दिन पहली नवम्बर को यह टनल फिर धंस गई। टनल धंसते ही किसानों में अफरा-तफरी मच गई। किसानों का कहना है कि प्रशासन केवल बेरिकेट लगाकर खानापूर्ति कर रहा है जबकि उनकी फसलें व जमीन बर्बाद हो रही है। वही वरिष्ठ एचसीएस अधिकारी व इलाका एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग का कहना है कि तीसरी बार टनल धंसने वाला मामला उनके संज्ञान में आया है। मामले की जांच के लिए गठित की गई कमेटी दोबारा से घटनास्थल का मौका-मुआयना कर जांच को आगे बढ़ाते के लिए कानून सम्मत कार्रवाई अमल में लाएगी। किसान बता रहे है कि इससे पहले करीब 20 मीटर दायरे में अचानक मिटटी धंसने से जमीन भी धंस गई। अहम बात यह है कि उस वक्त निर्माणाधीन टनल के ऊपर खेत-खलिहानों में बड़ा व गहरा गढढा बन गया। हादसे को देख ग्रामीण खौफजदा हो गए। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भी प्राण हानि होने से बाल-बाल बच गई। ग्रामीणों की माने तो हादसा स्थल पर उस वक्त कुछ देर पहले ही ट्रैक्टर-ट्राली निकली थी। हादसे की जानकारी मिलने के करीब बारह घंटे बाद टनल का निर्माण कर रही निर्वाण निर्माण कम्पनी के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। तब मौजूद ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच सुरक्षा मानकों की बरती जा रही अनदेखी को लेकर आपस में जमकर गर्मागर्मी होने पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना रहा कि इतनी बड़ी परियोजना के निर्माण के बावजूद मौके पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नही किए गए है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी बरती जा रही है। ऐसे हालातों में कभी भी, कोई भी बड़ा और भयानक हादसा हो सकता है। ग्रामीणों इस्लाम, मुबीन, रज्जाक, अब्बास, मौज खान, जौम खान, शमीम, जुबेर, अरशद आदि ने आरोप लगाया कि टनल निर्माण कार्य के दौरान मिटटी को रोकने के लिए पर्याप्त स्पोर्ट सिस्टम, सुरक्षा उपकरण, चेतावनी बोर्ड तक नही लगाए गए है। ग्रामीणों का यह भी कहना रहा कि क्षेत्र में दिन-रात ब्लास्टिंग की जाती है लेकिन इसकी पूर्व सूचना आसपास क्षेत्र में रहने वाले लोगों को कई बार नही दी जाती। जिससे खेतों में काम करने वाले किसानों और ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा बन गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जमीन धंसने के बाद बना गहरा गढढा बच्चों, पशुओं और वन्य जीवों के लिए खतरे से कम नही है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी टनल निर्माण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में खामियों को लेकर वक्त-वक्त पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन इस तरफ कभी भी गंभीरता से ध्यान ना देने की वजह नतीजा वही ढाक के तीन पात रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह टनल सोहना हलका में गांव सहसोला, घुसपैठी, पाटूका, किरूरी और धुलावट समेत अरावली पहाड़ी क्षेत्र से होकर बनाई जा रही है। जमीन धंसने की जानकारी मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई लेकिन निर्माण कम्पनी के अधिकारियों ने इतनी लापरवाही दिखाई कि वह बारह घंटे बाद ही मौके पर पहुंचे।

इंडिया गठबंधन रैली से भाजपा की उल्टी गिनती शुरू : वीरेन्द्र यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने दिल्ली के रामलीला मैदान में देश के कोने-कोने से आए लाखों लोगों के शामिल होने पर क्षेत्र, प्रदेश और देश के कार्यकर्ताओं का आभार जताया और कहा कि इंडिया गठबंधन की इस रैली में देश के कोने-कोने से उमड़े रिकार्ड तोड़ जन सैलाब ने दिखा दिया है कि अब देश में मोदी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। बेरोजगारी, महंगाई, मंदे की मार, नौकरियों में छटनी, बढ़ रहे भ्रष्टाचार, किसानों, मजदूरों, श्रमिकों, युवाओं, महिलाओं और नौजवानों के हो रहे शोषण से परेशान जनता अब जातपात और

पार्टीबाजी जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर एकजुट हो मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बिगुल बजाते हुए देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रही है और अब देश की जनता ने भाजपा को केन्द्र की सत्ता से बेदखल करने का मन बना लिया है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने बताया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इस रैली में जाने से रोकने के लिए वाहनों की जांच के नाम पर पुलिस बल का दुरूपयोग करने और लगाई गई तमाम बाधाओं के बावजूद लाखों लोगों ने एकजुटता दिखाते हुए उत्साह के साथ रैली में हिस्सा लिया, जो लोकतंत्र में जनता की आस्था और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के संकल्प को दर्शा रहा है। उन्होने इस रैली में जेन जी उल्फा यानी युवाओं के साथ-साथ मातृशक्ति के भी रिकार्ड तादाद में बढ़-चढक़र हिस्सा लेने पर उनकी आस्था को नमन किया और आरोप लगाया कि बिहार में लगभग 60 से 65 लाख, पश्चिमबंगाल में करीब 90 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए तो हरियाणा के विधानसभा चुनावों में भी धांधली कर वोट चोरी से सरकार बनाई गई।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए जनता सत्ता में लाना चाह रही बदलाव : कांग्रेस नेता महेश घोडारोप

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने कहा कि वोट चोरी रोकने और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अब देश की जनता सत्ता में बदलाव लाने की लड़ाई लड़ रही है। दिल्ली के रामलीला मैदान में देश के कोने-कोने से आए लाखों लोगों के शामिल होने से लोकतंद्ब में लोगों की आस्था ज्यादा मजबूत हुई है। उन्होने कहा कि कांग्रेस-इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित की गई 'वोट बचाओ-देश बचाओ' रैली में बड़ी तादाद में उमड़ रहे जन सैलाब को देख केन्द्र व प्रदेश सरकार ने वाहनों की जांच की आड़ में कार्यकर्ताओं को रोकने, परेशान करने और मानसिक रूप से उत्पीड़ित करने का कार्य किया। फिर भी रैली में आ रहे



कार्यकर्ताओं का उत्साह तनिक भी कम नही हुआ और उन्होने लाखों की तादाद में इस रैली में भागीदारी कर लोकतंत्र में जनता की आवाज को मजबूत आस्था के साथ प्रदर्शित करते हुए लोकतंत्र को कुचलने वाली भाजपा-एनडीए सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को आईना दिखाने का काम किया है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने बताया कि इस रैली की जबरदस्त कामयाबी से साफ हो गया है कि देश की जनता लोकतांत्रिक अधिकारों और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था के मुददे पर अब सत्ता पक्ष और चुनावआयोग के किसी भी दबाव के आगे तनिक भी झुकने वाली नही है। उन्होने बताया कि जैसे ही वह गांव घाटाअमीरपुर से हजारों कार्यकर्ताओं का लम्बा काफिला लेकर रैली में शामिल होने के लिए गुरूग्राम-दिल्ल बार्डर पर पहुंचे तो वाहन जांच की आड़ में पुलिस ने उनके काफिले को रोकने का प्रयास किया लेकिन कार्यकर्ताओं के जोश के आगे पुलिस की एक ना चली और पुलिस को पीछे हटना पड़ा। मजबूत इरादों के साथ कार्यकर्ता रैली में शामिल होने के लिए आगे बढ़ते गए और रैली में शामिल होकर मुख्य चुनाव आयुक्त और मोदी सरकार को लोकतंत्र को कुचलने से रोकने के लिए आईना दिखाने का काम किया है।

शिवनगरी सोहना के बाजार में जगह-जगह रंगदार मिठाइयों की ब्रिकी ने जोर पकड़ा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। दीवाली नजदीक आते ही शिवनगरी सोहना में नकली खोया, पनीर, खुला व डिब्बा बंद नकली देशी घी और मिलावटी दूध व प्रतिबंधित रंगों से बनी रंग-बिरंगी मिठाइयों की जमकर हो रही बिक्री के चलते मिठाई विक्रेताओं और मिलावटखोरों की मौज बन आई है। अहम बात यह है कि मुख्यमंत्री उडऩदस्ते और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की अगुवाई वाली टीम के छापेमारी के दौरान यहां पर कई चरणों में हलवाईयों, परचून-किरयाणा व्यापारियों की दुकानों से विभिन्न वस्तुओं के सैंपल भरने तथा घटिया गुणवत्ता वाला 310 किलो खोया और 285 किलो नकली मिल्क केक छापेमारी के दौरान एक हलवाई के गोदाम से पकड़ में आने पर गढढा खोदकर उसमें फिकवाकर नष्ट किए जाने के बावजूद यहां पर बाजार में जगह-जगह अभी भी मिलावटी वस्तुओं नकली खोया, पनीर, मिल्क पाउडर, सिंथेटिक दूध और रंग-बिरंगी मिठाइयों के नाम पर मीठे जहर की धडल्ले से हो रही बिक्री के चलते लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। दीवाली आने में चंद दिन रह गए है। ऐसे में दूध, मावा, खोया, पनीर, घी की डिमांड एकाएक कई-कई गुणा ज्यादा बढ़ जाने व आवक सीमित होने से नकली सामान का धंधा चमक गया है। आवक कम और मांग ज्यादा के साथ-साथ दीवाली के लिए मिठाइयों के प्राप्त आर्डरों को पूरा करने की खातिर हलवाई भी ज्यादा आमदनी व मुनाफे के चक्कर में सिंथेटिक दूध, नकली खोया, पनीर आदि का प्रयोग कर मिठाइयों को रंग-बिरंगी बनाने के लिए सेहत के लिए अत्यंत हानिकारक व प्रतिबंधित रंगों का जमकर प्रयोग कर रहे है। लाल, पीले, हरे, केसरिया, गुलाबी, भूरे समेत विभिन्न रंगों को डालकर ऐसी-ऐसी रंगीन मिठाइयां बना रहे है कि इन मिठाइयों को देख ग्राहक ललचाते हुए आकर्षित हुए बिना नही रह पाता तो



वही हलवाईयों की दुकानों में रखी मिठाईयों के थालों व पैक डिब्बों पर मैन्युफक्चरिंग और एक्सपायरी डेट लिखा होना अनिवार्य होने के बावजूद कही भी लिखा नजर नही आ रहा है। दिलचस्प यह है कि आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते हलवाई सस्ती मिठाई बेचने के नाम पर मिठाइयां बनाते वक्त ना केवल घातक रंगों का प्रयोग कर रहे है बल्कि ज्यादा मुनाफा कमाने और ग्राहकों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए तथा मिठाइयों में खुशबू महकाने और स्वाद बढ़ाने के लिए केवड़ा, वनिला, रोज, मैंगो, स्ट्रोबरी और कार्डिमम आदि कृत्रिम एसेंस मिलाकर काफी दिनों पूर्व बनाई गई बासी मिठाइयों को भी तरोताजा बनाए रखते है। वही तेज-तर्रार ग्राहक भी अच्छी महक के कारण बासी और ताजी मिठाइयों में फर्क नहीं समझ पाता है। इस धंधे से जुड़े सूत्रों ने अपनी पहचान गुप्त रखने पर जानकारी देते हुए बताया कि यूरिया, अरारोट, सिंघाड़ा पाउडर, उबले आलू, रिफांइड़ और केमिकल से बना सिंथेटिक दूध, मावा, खोया, पनीर असली के अनुपात में तीन गुणा ज्यादा मंदा होने पर जहां अच्छा मुनाफा देता है, वही घर बैठे मिलता है। वैसे भी ग्राहक असली-नकली में अंतर नही समझ पाता है। हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर आशीष गुप्ता और यहां शहर में दमदमा चौक स्थित एक्रोपालिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक व हडडी रोग विशेषज्ञ डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा का कहना है कि नकली व सिंथेटिक दूध, नकली खोया, मावा, पनीर व रंगयुक्त मिठाइयों के प्रयोग से हृदय, यकृत, डायरिया, पेट दर्द, पीलिया, एलर्जी, नशे व हडिडयां कमजोर होने पर भला-चंगा व्यक्ति भी रोगी बन सकता है। लोगों का कहना है कि देहात के विभिन्न गांवों के अलावा शहरी क्षेत्र में हलवाईयों की 50 से ज्यादा दुकानें है। इसके अलावा दीवाली नजदीक आते ही शहर के बाजारों में विभिन्न सडक़ मार्गों पर जगह-जगह मिठाईयों के स्टाल सडक़ किनारे लगे हुए है। त्यौहारी सीजन आते ही मिलावटखोरों और रंग डालकर मिठाई बेचने वाले हलवाईयों की मौज बन आई है जबकि संबंधित विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी को जनहित में चाहिए कि हलवाईयों की जितनी भी दुकानें है, सभी से रंग-बिरंगी अलग-अलग मिठाईयों के सैंपल भरे जाने चाहिए ताकि पता चले कि उन मिठाईयों में कितना रंग डाला गया है और कितनी मिलावट की गई है लेकिन ऐसा नही हो रहा है। हलवाई पहले की तरह ही धडल्ले से जमकर रंग-बिरंगी मिठाईयों की खुलेआम बिक्री कर रहे है और लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने से नही चूक रहे है। इस मामले में जानकारी लेने पर मुख्यमंत्री उडनदस्ते दस्ते में कार्यरत इंस्पेक्टर सुरेश चंद और खाद्य सुरक्षा अधिकारी डाक्टर मनोज कुमार ने बताया कि वह जल्द ही टीम साथ लेकर बाजारों में सैंपल भरने के लिए छापेमारी अभियान की शुरूआत करेंगे और जहां-जहां भी मिठाई विक्रेताओं, हलवाइयों आदि ने अपने गोदाम आदि बनाए है, उन स्थानों पर विशेष जांच कर मौके से सैंपल भरे जाएंगे।

दीपावली पर स्वदेशी सामान खरीदे : भाजपा नेता सेठ रोहित गर्ग



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा नेता तथा स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीवाली पर सभी लोग स्वदेशी सामान खरीदने को तरजीह दे। उन्होने कहा कि हम सभी को स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे देश में रोजगार भी पैदा होता है और हम अपनी भारतीय संस्कृति से भी जुड़ते है और लघु उद्योगों को बढ़ावा मिलने पर बेरोजगारों को घर बैठे रोजगार मिल जाता है। उन्होने कहा कि दीपावली आने वाली है। हमको चीन का समान नहीं खरीदना है। कोई भी पर्व हो राष्ट्रीय हो या धार्मिक परिवारिक पर्व हो। हमें अपने देश से निर्मित सामग्री का उपयोग करना है। उसी को खरीदना है। इससे उद्योग जगत में विकास होगा। व्यापारी को लाभ मिलेगा और हमारा देश उन्नति करेगा। स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने मौजूदजनों से स्वदेशी के पक्ष में नारे लगवाए और कहा कि इसका हमें पालन भी करना है। खास तौर से युवा पीढ़ी को जागरूक होना है। लोकल फॉर वोकल को अपनाना है। स्वरोजगार बहुत ही आवश्यक है। आत्मनिर्भर भारत बनेगा, इसलिए जब बाजार जाएंगे सामान स्वदेशी लेंगे। स्वच्छता का ध्यान रखना पर्यावरण का ध्यान रखना है और त्यौहार को मिल-जुलकर मनाना है। यही हमारी संस्कृति है।

मिल-जुलकर मनाए दीवाली का त्यौहार-जलाए देशी घी के दीए : विजय अग्रवाल



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर प्राचीन हनुमानमंदिर छोटी बगीची सुरक्षा समिति के प्रधान तथा अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली के त्यौहार पर वह पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। उन्होने कहा कि लोगों को अपने घरों में 60, 100 और 200 वाट के बल्बों की बजाय एलईडी व स्लिम टयूब लाईटों का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे बिजली की खपत कम होगी। पर्यावरण संतुलित रहेगा। इस मौके पर अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू और युवा शाखा में जिलाध्यक्ष डाक्टर विकास गुप्ता आदि प्रमुखजनों समेत आमंत्रित लोग भी खासी तादाद में मौजूद रहे।

पटाखा मुक्त दीवाली मनाकर पर्यावरण को शुद्ध बनाए : डाक्टर रामवीर गोस्वामी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ में जिला संयोजक और सोहना मार्किटकमेटी मैंबर डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने आम जनमानस से दीवाली पर पटाखे चलाने की बजाय प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाए जाने का आग्रह किया है। कार्यक्रम के संयोजक देविन्द्र चौहान व हर्ष चौहान ने बताया कि पुरानी सब्जीमंडी क्षेत्र में सोमवार को पूर्व नगरपार्षद मदन सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किए गए कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ में जिला संयोजक और सोहना मार्किटकमेटी मैंबर डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि पटाखे चलाने पर कुछ पलों की खुशी होती है लेकिन उससे पर्यावरण दूषित होता है और प्रदूषण कई गुणा ज्यादा बढ़ जाता है क्योकि पटाखों से सल्फर डाईआक्साईड, कार्बन डाईआक्साईड व मोनो डाईआक्साईड जैसी जहरीली गैस निकलती है, जो पृथ्वी पर मनुष्य और जीवों दोनों के लिए हानिकारक है। पटाखों से निकलने वाली गैस शुद्ध हवा में जहरीली गैस घोलकर शुद्ध पर्यावरण और पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाती है। कई बार तो ऐसा भी होता है कि जहां पटाखों से निकलने वाली इन जहरीली गैसों का ज्यादा प्रभाव होता है, वहां पेड़-पौधे सूख जाते है अथवा पीले पड़ जाते है। जीव-जंतुओं को भी बीमारियां लग जाती है। तेज ध्वनि से पक्षियों के कानों के पर्दे फट जाते है।

दीवाली के त्यौहार के लिए गौधन के गोबर से तैयार हो रहे दीये : ओमप्रकाश तंवर




सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लाक के आदर्श गांव सिलानी में रहने वाले जिलापरिषद के उपचेयरमैन और परम गौभक्त ओमप्रकाश तंवर सिलानिया ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपों के त्यौहार दीवाली पर सर्वसमाज के लोग गौशालाओं में पल रहे गौधन के गोबर से तैयार हो रहे रंग-बिरंगे दीयों से घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, चौक-चौराहों और मंदिरों को रोशन करने का काम करे। उन्होने बताया कि फिलहाल कामधेनू गौशाला में गाय के गोबर से बने दीये बनाने का काम जबरदस्त तरीके से चल रहा है। गोबर के साथ मुल्तानी मिटटी, लकड़ी, बुरादा और चूना मिलाकर दीए तैयार किए जा रहे है। जिलापरिषद के उपचेयरमैन और परम गौभक्त ओमप्रकाश तंवर सिलानिया ने बताया कि खुशी की बात यह है कि दीवाली से पहले ही बहुत बड़ी तादाद में गौशाला को गायों के गोबर से बने दीये उपलब्ध कराने के लिए आर्डर मिले है और गौशाला से भी रोजाना दीयों की जमकर बिक्री हो रही है। जिलापरिषद के उपचेयरमैन और परम गौभक्त ओमप्रकाश तंवर सिलानिया ने बताया कि इन दीयों को जलाने के बाद किसी गमले या पार्क में डालने पर प्रदूषण भी नही फैलता है।

बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे नागरिक : डाक्टर हेमंत गांधी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शहर में खेलस्टेडियम के सामने स्थित वरदान अस्पताल एवं ट्रामासेंटर में हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर हेमंत गांधी का कहना है कि बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव को लेकर आमजन को जागरूक रहना होगा और शरीर में किसी भी तरह की समस्या होने पर जांच अवश्य करवाए। उन्होने बताया कि दमा, सांस, हाथ पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, किडनी संबंधित समस्या, निमोनिया, थायराइड, वजन कम होना, लीवर संबंधित बीमारी, एलर्जी, पेट से जुड़ी बीमारियों, जोड़ों में दर्द आदि कोई भी लक्षण प्रतीत होने पर तुरंत अपने नजदीकी चिकित्सा केंद्र में करवाए। उन्होंने कहा कि मौसम धीरे धीरे बदलता जा रहा है। नागरिक इस मौसम में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पूरी सावधानियां बरते। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक पौष्टिक भोजन करे और सुबह-शाम नियमित योगा एवं ध्यान करे।

मिल-जुलकर मनाए दीवाली का त्यौहार-जलाए देशी घी के दीए : श्याम मंगला



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर लोहा हार्डवेयर के प्रमुख कारोबारी और श्री अग्रवालसभा से जुड़े समाजसेवी लाला श्याम मंगला ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली के त्यौहार पर वह पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। उन्होने कहा कि लोगों को अपने घरों में 60, 100 और 200 वाट के बल्बों की बजाय एलईडी व स्लिम टयूब लाईटों का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे बिजली की खपत कम होगी। पर्यावरण संतुलित रहेगा।

चाइनीज वस्तुओं का करे बहिष्कार : भाजपा नेता दयाराम लोहिया

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व स्थानीय मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया ने सोमवार को लोगों व मातृशक्ति से चाइनीज सामानों का उपयोग ना करने का आग्रह करते हुए उन्हे संकल्प दिलाया कि वह और लोगों को भी चाइनीज सामान का उपयोग ना करने के प्रति जागरूक बनाएंगे। इस मौके पर मौजूद लोगों के बीच बोलते हुए भाजपा नेता व स्थानीय मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया ने कहा कि वक्त-वक्त पर चीन और अमेरिका ने पाकिस्तान को समर्थन देकर दिखा दिया है कि चीन और अमेरिका भारत का कभी भी नजदीकी नही हो सकता है। वह नही चाहता कि भारत मजबूत बने। चीन और अमेरिका को सबक सिखाने और सही रास्ते पर लाने के लिए उसके बनाए सामान का भारतीय बाजार में बहिष्कार जरूरी है। उन्होने बताया कि वह जल्द ही व्यापारी समुदाय की बैठक लेंगे और उन्हे चाईना के बने सामान ना खरीदे और ना बेचे जाने का आग्रह करेंगे क्योंकि चीन और अमेरिका ने आप्रेशन सिंदूर के वक्त पाकिस्तान का समर्थन करके भारत को ललकारा है। ऐसे में हर भारतीय को चाहिए कि चीन के उत्पादों का त्याग करके अपना विरोध दर्ज कराए। साथ ही सरकार को चाहिए कि मेक इन इंडिया को बढ़ावा दे ताकि चाइनीज सामान का उपयोग हो ही नही पाए। चीन और अमेरिका अपना कारोबार भारत में करे और साथ पाकिस्तान का दे। अब चलने वाला नही है। वैसे भी चाइनीज सामान लोगों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इससे हमारे स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंच रहा है। भाजपा नेता व स्थानीय मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया ने कहा कि भारत आज चीन और अमेरिका से किसी भी मामले में कमजोर नही है। अपना देश वर्ष-1962 वाली स्थिति से आगे निकल चुका है। आज भारतीय सेना शक्तिशाली सेनाओं में से एक और अत्याधुनिक हथियारों से लैस है। यदि चीन-अमेरिका ने पाकिस्तान का साथ दिया तो पाकिस्तान का तो नामो-निशान विश्व के मानचित्र से तो मिटेगा ही, चीन और अमेरिका को भी उसकी औकात पता चल जाएगी। इस मौके पर भाजपा नेता व ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर राजेन्द्र सिंह बागड़ी, भाजपा में सोहना मंडल के अध्यक्ष सौरभ सिंगला, भाजपा नेता व ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर महेन्द्र यादव, सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन मुकेश सैनी, धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने भी अपने विचार रखे।

चाइनीज वस्तुओं का करे बहिष्कार : जजपा नेता दीपक डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। जजपा के हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया तथा ग्रामपंचायत अलीपुर की महिल सरपंच पूनम डागर ने लोगों व मातृशक्ति से चाइनीज सामानों का उपयोग ना करने का आग्रह करते हुए उन्हे संकल्प दिलाया कि वह और लोगों को भी चाइनीज सामान का उपयोग ना करने के प्रति जागरूक बनाएंगे। इस मौके पर मौजूद लोगों के बीच बोलते हुए जजपा के हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया तथा ग्रामपंचायत अलीपुर की महिल सरपंच पूनम डागर ने कहा कि वक्त-वक्त पर चीन ने पाकिस्तान को समर्थन देकर दिखा दिया है कि चीन भारत का कभी भी नजदीकी नही हो सकता है। वह नही चाहता कि भारत मजबूत बने। चीन को सबक सिखाने और सही रास्ते पर लाने के लिए उसके बनाए सामान का भारतीय बाजार में बहिष्कार जरूरी है। उन्होने बताया कि वह जल्द ही व्यापारी समुदाय की बैठक लेंगे और उन्हे चाईना के बने सामान ना खरीदे और ना बेचे जाने का आग्रह करेंगे क्योंकि चीन और अमेरिका ने पाकिस्तान का समर्थन करके भारत को ललकारा है। ऐसे में हर भारतीय को चाहिए कि चीन के उत्पादों का त्याग करके अपना विरोध दर्ज कराए। साथ ही सरकार को चाहिए कि मेक इन इंडिया को बढ़ावा दे ताकि चाइनीज सामान का उपयोग हो ही नही पाए। जजपा के हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया तथा ग्रामपंचायत अलीपुर की महिल सरपंच पूनम डागर ने बताया कि चीन अपना कारोबार भारत में करे और साथ पाकिस्तान का दे। अब चलने वाला नही है। वैसे भी चाइनीज सामान लोगों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इससे हमारे स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होने कहा कि भारत चीन व अमेरिका से किसी भी मामले में कमजोर नही है। अपना देश वर्ष-1962 वाली स्थिति से कई वर्ष पहले आगे निकल चुका है। आज भारतीय सेना शक्तिशाली सेनाओं में से एक और अत्याधुनिक हथियारों से लैस है। यदि चीन ने पाकिस्तान का साथ दिया तो पाकिस्तान का तो नामो-निशान विश्व के मानचित्र से तो मिटेगा ही, चीन को भी उसकी औकात पता चल जाएगी।

कमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों में की गई वृद्धि ने असली चेहरा दिखाया : वीरेन्द्र यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने केन्द्र सरकार और भाजपा को गरीब विरोधी बतलाया है। उन्होने कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में प्रति सिलेंडर 10 से 12 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी को जनविरोधी ठहराते हुए बढाये गए दामों को तत्काल प्रभाव से वापिस लिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में मार्च महीने में भी 114 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की थी। भाजपा सरकार जरूरतमंद लोगों और उद्योगों को कमर्शियल गैस सिलेंडर तो उपलब्ध नही करा पा रही है लेकिन इसकी कीमतों में मार्च के बाद अब नवम्बर महीने में भी रिकार्ड बढ़ोतरी कर महंगाई को बढ़ावा देने का काम जरूर किया है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने बताया कि रोजमर्रा के काम में आने वाले कमर्शियल गैस के दामों में की गई बढ़ोतरी से महंगाई बढ़ेगी और भाजपा का हाथ गरीबों के साथ होने का दावा करने वाली भाजपा शासित केन्द्र सरकार ने कमर्शियल गैस के दामों में बढ़ोतरी कर अपने जनविरोधी चेहरे को बेनकाब कर दिया है। उन्होंने ऐसे संकेत भी दिए है यदि केन्द्र सरकार ने बिना सब्सिडी वाली कमर्शियल गैस के दामों मे की गई मूल्य वृद्धि को वापस ना लिया तो जनहित में केन्द्र की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन चलाया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने कहा कि केन्द्र सरकार के इशारे पर गैस कंपनियां बार-बार रसोई गैस की दरों में बढ़ोतरी कर रही है। गैस सिलेंडरों की कीमतों में की गई वृद्धि से साफ हो गया है कि केन्द्र सरकार की गरीबों-आम लोगों से कोई हमदर्दी नही है। सरकार ने रातोंरात चोरी-छिपे अंदाज में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में प्रति सिलेंडर 10 से 12 रुपए प्रति सिलेंडर बढ़ा दिए। पहले भी वक्त-वक्त पर सिलेंडर के दामों में कई बार बढ़ोतरी की गई है। भाजपा सरकार में खाद्य सामग्री और दूसरी चीजों के दामों में वृद्धि के चलते कीमतें आसमान छू रही है। उन्होने कहा कि महंगाई व भ्रष्टाचार से निजात का दम भरने वाली भाजपा सरकार का असली चेहरा लोगों के सामने आ गया है। गरीबों को दाल तो दूर चटनी से दो वक्त की रोटी खाना दुश्वार बन गया है। सरकार के लिए जा रहे निर्णय जनविरोधी साबित हो रहे है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू का कहना है कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों और गरीब विरोधी चेहरे की असलियत उजागर करने के लिए वह अपने साथी युवाओं की टोलियां लेकर गांव-गांव जाएंगे और आम जनता को भाजपा की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराते हुए बताएंगे कि भाजपा की नीतियां कितनी दोगली और जनविरोधी है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने महंगाई को बढ़ावा देकर लोगों की नाक में दम कर दिया है। पूरा दिन मेहनत करने के बावजूद गरीब परिवार चटनी से भी रोटी नहीं खा पा रहा है जबकि पूंजीपति और ज्यादा धनाढय होते जा रहे है। सरमाएदारों और मुनाफाखोरों की मौज बन आई है।

दीपावली पर मिलेगी भरपूर बिजली : कार्यकारी अभियंता गौरव दहिया

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर बिजलीनिगम में डिवीजन प्रभारी और कार्यकारी अभियंता गौरव दहिया व सबडिवीजन प्रभारी व उपमंडल अधिकारी मुकेश गौड तथा अपर अभियंता सुमित गर्ग का कहना है कि दीपावली के त्यौहार पर बिजली व्यवस्था अच्छे से चाक-चौबंद बनाने के लिए बिजलीनिगम अभी से तैयारियों में जुट गया है। मौसम बदलने से भी बिजली खपत में कुछ कमी आई है। उन्होने बताया कि कर्मचारियों को निर्देश दिए गए है लाइनों पर लगने वाले उपकरणों की गहराई से जांच करे। जांच के दौरान जिस भी उपकरण में कमी पाए जाए, उसे दूर करने के लिए जल्द से जल्द लिखित में उपकरणों की मांग की जाए ताकि दीवाली पर उपभोक्ताओं को ओवरलोड या बिजली कटौती की समस्या से ना जूझना पड़े। बिजलीनिगम में डिवीजन प्रभारी और कार्यकारी अभियंता गौरव दहिया व सबडिवीजन प्रभारी व उपमंडल अधिकारी मुकेश गौड तथा अपर अभियंता सुमित गर्ग ने बताया कि निमोठ पावरहाउस तथा सोहना शहर स्थित 66केवी पावरहाउस के तहत लगने वाले करीब 109 गांवों में दीवाली के त्यौहार पर भरपूर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित बनाने के लिए बिजली लाइनों को युद्ध स्तर पर दुरस्त किया जा रहा है। बिजलीनिगम में डिवीजन प्रभारी और कार्यकारी अभियंता गौरव दहिया व सबडिवीजन प्रभारी व उपमंडल अधिकारी मुकेश गौड तथा अपर अभियंता सुमित गर्ग ने बताया कि गर्मियों में जहां प्रतिदिन 2 करोड़ यूनिट बिजली खपत हो रही थी, वह घटकर अब डेढ़ से पौने 2 करोड़ यूनिट रह गई है लेकिन जैसे-जैसे सर्दियां ज्यादा बढ़ेगी, बिजली की खपत भी उसी अनुपात में बढ़ती जाएगी। इसलिए बिजलीनिगम ने अभी से पर्याप्त बिजली आपूर्ति के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। बिजली लाईनों अथवा केबल के बीच में पेड़ों की जो टहनियां आ रही है, उन्हे छाटने के निर्देश दिए है। जंपरों व ट्रांसफार्मरों को चेक कर उनका सही से रख-रखाव किए जाने को कहा गया है। जो केबल अथवा ट्रांसफार्मर आदि खराब है, उन्हे बदले जाने की तैयारी हो रही है।

शनिमंदिर में हवन-यज्ञ के बाद पूरा दिन चलाया गया भंडारा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर सोमवार को पलवल रोड़ पर मृत्युजंय क्षेत्र में स्थित श्री संकटमोचन शनि मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 बाबा प्रकाशगिरी जी महाराज की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में प्रात: समय महंत मुख्त्यारपुरी जी महाराज के सानिध्य में हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ। शौकीनपुरी महाराज, हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल, पूर्व नगरपार्षद व सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन मुकेश सैनी, युवा समाजसेवी बिजेन्द्र सैनी, सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी, इंजीनियर कृष्ण सैनी ने बताया कि इस मौके पर विश्व कल्याण की मंगलकामना करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में पूर्णाहुति डाली। जिसके बाद संत सम्मेलन आयोजित कर विशाल भंडारा चलाया गया। भंडारे में सोहना व आसपास लगते क्षेत्रों के साथ-साथ विशेष आमंत्रण पर दूर-दराज क्षेत्रों से आमंत्रित लोगों और सैकड़ों से ज्यादा संत-महात्माओं ने भी बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस मौके पर मौजूद संत-महात्माओं को महंत मुख्त्यारपुरी जी महाराज ने गर्म कंबलों के साथ-साथ नकद रूप में दक्षिणा और मिठाई देकर खुशी-खुशी विदा किया। आसपास क्षेत्र के अलावा कई प्रदेशों से संत-महात्माओं ने आयोजन में शिरकत की। आयोजन को कामयाब बनाने पर शौकीनपुरी महाराज, इंजीनियर मोनी यादव रायसीनिया, दिनेश छोकर, कई पूर्व व मौजूदा नगरपार्षदों, विभिन्न गांवों से आए गणमान्य लोगों समेत मंदिर देखरेख व कार्यक्रम आयोजन समिति से जुड़े कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं का आभार जताया है।

गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में स्कूलों में आयोजित होंगी प्रतियोगिताएं : नरेन्द्र अधाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर लैनर्स पैराडाईज पब्लिक स्कूल निर्देशक नरेन्द्र अधाना ने बताया कि यहां पर क्षेत्र स्तर पर सभी स्कूलों में 18 से 20 नवम्बर तक गीता महोत्सव का आयोजन होगा। इस दौरान स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इसके बाद 25 से 27 नवम्बर तक खंडस्तर पर गीता महोत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा और 2 से 4 दिसम्बर तक जिलास्तर पर गीता महोत्सव प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। जिसके बाद 17 से 19 दिसम्बर तक गीता महोत्सव प्रतियोगिताएं राज्यस्तर पर आयोजित की जाएगी। उन्होने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का आयोजित करने का मूल उददेश्य विद्यार्थियों को गीता का संदेश, जीवन मूल्यों और भारतीय संस्कृति से जोडऩा है। लैनर्स पैराडाईज पब्लिक स्कूल निर्देशक नरेन्द्र अधाना ने बताया कि इस दौरान निबंध लेखन प्रतियोगिता, गीता श्लोकों उच्चारण प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, संवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी और खुशी की बात यह है कि सरकार ने इस बार कक्षा छठी से 8वीं तक के विद्यार्थियों की पहली श्रेणी और कक्षा 9वीं से 12वीं तक की दूसरी श्रेणी बनाई है। इन प्रतियोगिताओं में सरकारी और प्राइवेट सभी स्कूलों के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। उन्होने बताया कि प्रत्येक जिले से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 138 विद्यार्थियों को 5 से 25 दिसम्बर के बीच धर्मनगरी कुरूक्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। इसमें 138 छात्राएं भी शामिल होगी। यानी प्रत्येक जिले से कुल 298 छात्र-छात्राओं का दल कुरूक्षेत्र का भ्रमण करेगा। भ्रमण करने वाले विद्यार्थियों को कुरूक्षेत्र के ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों की जानकारी दी जाएगी और इन प्रतियोगिताओं में विजेताओं को खंड, जिला व राज्यस्तर पर पुरस्कार दिए जाएंगे। लैनर्स पैराडाईज पब्लिक स्कूल निर्देशक नरेन्द्र अधाना ने बताया कि राज्यस्तर पर प्रथम पुरस्कार के रूप में 5100 रुपए की धनराशि, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3100 रुपए की राशि और तृतीय पुरस्कार के रूप में 2100 रुपए की राशि विजेताओं को मिलेगी।

पर्यावरण युक्त-पटाखा मुक्त दीपावली मनाए : भाजपा नेता महेन्द्र यादव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर महेन्द्र यादव ने लोगों विशेषकर बच्चों से आग्रह किया है कि वह पर्यावरण को शुद्ध रखने तथा प्रदूषण पर रोक के लिए पटाखा मुक्त-पर्यावरण युक्त दीपावली मनाए। दीपावली पर पटाखों की जगह अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाए। उन्होने पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण से मनुष्य और वन्य प्राणियों को होने वाले नुकसान के बारे में बताया और कहा कि हम सभी को चाहिए कि पटाखा मुक्त-पर्यावरण युक्त दीपावली मनाने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जाए। प्रत्येक व्यक्ति इसे अपनी जिम्मेदारी समझे। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर महेन्द्र यादव ने अपने साथियों के साथ शहर में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों विशेषकर बच्चों को पटाखों के दुष्प्रभाव से अवगत कराकर पटाखे ना चलाए जाने के प्रति प्रेरित करते हुए संकल्प दिलाया कि संकल्प लेने वाले बच्चे पटाखे नही चलाएंगे। साथ ही अपने साथियों को भी पटाखे ना चलाने के लिए जागरूक बनाएंगे।

दीपावली पर स्वदेशी सामान खरीदे : भाजपा नेता चौधरी गजराज लोहिया



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व उदाका ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच चौधरी गजराज लोहिया ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीवाली पर सभी लोग स्वदेशी सामान खरीदने को तरजीह दे। उन्होने कहा कि हम सभी को स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे देश में रोजगार भी पैदा होता है और हम अपनी भारतीय संस्कृति से भी जुड़ते है और लघु उद्योगों को बढ़ावा मिलने पर बेरोजगारों को घर बैठे रोजगार मिल जाता है। उन्होने कहा कि दीपावली आने वाली है। हमको चीन का समान नहीं खरीदना है। कोई भी पर्व हो राष्ट्रीय हो या धार्मिक परिवारिक पर्व हो। हमें अपने देश से निर्मित सामग्री का उपयोग करना है। उसी को खरीदना है। इससे उद्योग जगत में विकास होगा। व्यापारी को लाभ मिलेगा और हमारा देश उन्नति करेगा। भाजपा नेता चौधरी गजराज लोहिया ने मौजूदजनों से स्वदेशी के पक्ष में नारे लगवाए और कहा कि इसका हमें पालन भी करना है। खास तौर से युवा पीढ़ी को जागरूक होना है। लोकल फॉर वोकल को अपनाना है। स्वरोजगार बहुत ही आवश्यक है। आत्मनिर्भर भारत बनेगा, इसलिए जब बाजार जाएंगे सामान स्वदेशी लेंगे। स्वच्छता का ध्यान रखना पर्यावरण का ध्यान रखना है और त्योहार को मिल-जुलकर मनाना है। यही हमारी संस्कृति है। भाजपा नेता व उदाका ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच चौधरी गजराज लोहिया ने बताया कि वह स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए गांव-गांव जाकर सर्वसमाज को जागरूक बनाते हुए स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग में लाने का संकल्प करा रहे है।

प्राचीन हनुमानबगीची में दस को होगी गौवर्धन पूजा-चलेगा अन्नकूट का विशाल भंडारा

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर प्राचीन हनुमानमंदिर छोटी बगीची सुरक्षा समिति के तत्वाधान में मंगलवार, 10 नवम्बर को गौवर्धन पूजा का आयोजन होगा। प्राचीन हनुमानमंदिर छोटी बगीची सुरक्षा समिति के प्रधान सेठ विजय अग्रवाल ने बताया कि हनुमानबगीची में कई सैकड़ों वर्षों से गौवर्धन पूजा के बाद जनसहयोग से अन्नकूट प्रसाद वितरण और भंडारा होता आया है। इस बार भी हनुमानबगीची में गौवर्धन पूजा को लेकर सर्वजातीय समाज और छत्तीस बिरादरी के लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। इस मौके पर अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग, अग्रवाल वैश्य समाज के हलका प्रधान मास्टर सतीश गर्ग, स्थानीय व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी, नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, हनुमानबगीची सुरक्षा समिति मैनेजर व जीआईसी एजेंट कमल गुप्ता, विकास सिंगला विक्की, मनोज ग्रोवर, दिनेश सिंगला, लाला बालकिशन गोयल, युवा भाजपा नेता दीपक गर्ग होंडा, राजेश गोयल, जिला योजना बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष रवि सिंगला, पूर्व जिलापार्षद उषा खटाना के प्रतिनिधि विजय खटाना दमदमिया आदि प्रमुखजनों समेत श्रद्धालु खासी तादाद में मौजूद रहे।

त्यौहार आते ही सोने-चांदी के हल्के गहनों की बढ़ रही मांग : प्रीतम जैन

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर जेवरात व्यापारी सर्राफा एसोसिएशन से जुड़े युवा समाजसेवी प्रीतम जैन सर्राफ ने बताया कि त्यौहारों का सीजन शुरू होते ही सोने-चांदी के भाव तेजी से नीचे गिर रहे है। उन्होने बताया कि ऐसे में बिटिया की शादी में कितने तौले सोने देना है, अब इसकी जगह परिवार महंगाई को देख यह तय कर रहे है कि कितने रुपए की लागत वाले गहने देने है और त्यौहारों पर ऐसे परिवारों के लोग हल्के और कम वजन वाले गहने पसंद कर रहे है तो बुजुर्ग लोग अपने घरों की तिजोरी में रखे पुराने गहनों को निकाल कर बाजार पहुंच रहे है ताकि भारी-भरकम पुराने हार की जगह शादी के लिए कम वजन वाला हल्का सेट, कंगन, हाथ की चूड़ी आदि ली जा सके। एक जेवरात कारोबारी प्रीतम जैन सर्राफ ने बताया कि पहले सोने का जो हार 25 से 40 ग्राम वजन में बनवाने को लोग तरजीह देते थे, अब सोने-चांदी के दाम त्यौहारी सीजन में भी तेजी से नीचे गिरने के बावजूद ग्राहक उसी डिजाईन का हार लोग 10-12 ग्राम में बनवाने को तरजीह दे रहे है।

पटाखा मुक्त दीवाली मनाकर पर्यावरण को शुद्ध बनाए : राजेन्द्र सिंह बागड़ी पूर्व चेयरमैन नगरपालिका

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता तथा नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन राजेन्द्र सिंह बागड़ी ने आम जनमानस से दीवाली पर पटाखे चलाने की बजाय प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाए जाने का आग्रह किया है। उन्होने बताया कि पटाखे चलाने पर कुछ पलों की खुशी होती है लेकिन उससे पर्यावरण दूषित होता है और प्रदूषण कई गुणा ज्यादा बढ़ जाता है क्योकि पटाखों से सल्फर डाईआक्साईड, कार्बन डाईआक्साईड व मोनो डाईआक्साईड जैसी जहरीली गैस निकलती है, जो पृथ्वी पर मनुष्य और जीवों दोनों के लिए हानिकारक है। पटाखों से निकलने वाली गैस शुद्ध हवा में जहरीली गैस घोलकर शुद्ध पर्यावरण और पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाती है। कई बार तो ऐसा भी होता है कि जहां पटाखों से निकलने वाली इन जहरीली गैसों का ज्यादा प्रभाव होता है, वहां पेड़-पौधे सूख जाते है अथवा पीले पड़ जाते है। जीव-जंतुओं को भी बीमारियां लग जाती है। तेज ध्वनि से पक्षियों के कानों के पर्दे फट जाते है।

पटाखों से बचाए पैसों को गरीबों पर खर्च किया जाए : भाजपा नेता धर्मेन्द्र तंवर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा में किसान मोर्चा के जिला महामंत्री व वरिष्ठ नागरिक न्यायाधिकरण सदस्य धर्मेन्द्र तंवर रामगढ़ ने लोगों को दीवाली, गौवर्धन, भैयादौज, गंगास्नान की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दीवाली दीपों का त्यौहार है। मनुष्य को अपने अंदर की बुराईयों को नष्ट कर ज्ञान के दीपक का प्रकाश फैलाना चाहिए। तभी दीवाली की सार्थकता है। उन्होने बताया कि हिंदू धर्म के अनुसार भगवान राम 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या वापिस लौटे थे। उसी दिन भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष प्राप्त हुआ था। भाजपा नेता धर्मेन्द्र तंवर रामगढ़ ने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के सपने को साकार बनाने में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका देश को नई दिशा देने का काम कर रही है। इस बार वह सपरिवार फूलों और मिठाई से ही दीवाली मनाएंगे और लोगों को इस बात के लिए जागरूक बनाएगे कि वह पटाखे और प्रदूषण मुक्त दीपावली धूमधाम से मनाए।

सोहना में 6 लेन ऐलिवेटेड़ कारिडोर 340.78 करोड़ से बनेगा : विधायक तेजपाल तंवर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के सोहना में 340.78 करोड़ की लागत से 6 लेन वाला 2.75 किलोमीटर लंबा ऐलिवेटेड़ कारिडोर बनाए जाने वाली योजना को मंजूरी दिए जाने पर खुशी जताई है और भाजपा राज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के लिए गए इस निर्णय को सोहना क्षेत्र की जनता के लिए दीवाली से पहले ही मोदी सरकार का दिया गया यादगारी और चिरस्थाई उपहार बताया है। इस उपहार के लिए सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने क्षेत्र की तरफ से केन्द्रीय सडक़ परिवहनमंत्री नितिन गडक़री और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष रूप से आभार जताते हुए बताया कि इस लेन वाले ऐलिवेटेड़ कारिडोर के बनने पर जहां ग्लोबलसिटी गुरूग्राम से बाया सोहना, नूंह के बीच सिग्नल फ्री सफर और ज्यादा आरामदायक बनेगा, वही वक्त की बर्बादी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। वाहन चालकों को जाम से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ-साथ सोहना के गांव अलीपुर से शुरू किए गए दिल्ली-मुंबई-वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे और केएमपी से भी बेहतर कनेक्टिविटी होगी। सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने बताया कि केवल सोहना ही नही अगल-बगल में साथ लगते गुरूग्राम व नूंह के सफर को और ज्यादा सुगम बनाने तथा सोहना में यातायात जाम की समस्या से निजात दिलाने में यह परियोजना अहम भूमिका निभाएगी। उन्होने बताया कि सोहना चौक पर एनएच-919 और एनएच-248ए के चौराहे



पर 2.75 किलोमीटर लंबा 6 लेन का ऐलिवेटेड़ कारिडोर बनाया जाएगा और इस ऐलिवेटेड कारिडोर के निर्माण पर 340.78 करोड़ की धनराशि खर्च होगी। खुशी की बात यह है कि इस परियोजना के पूरा होने पर गुरूग्राम से बाया सोहना, मेवात, नूंह की तरफ जाने वाले वाहन चालकों को सोहना में व्यस्ततम चौराहों पर बार-बार लगने वाले जाम में फंसने और रूकने की परेशानी से राहत मिलेगी। अहम बात यह है कि प्रस्तावित ऐलिवेटेड़ कारिडोर को इस तरह विकसित किया जाएगा कि गुरूग्राम-नूंह के बीच लम्बी दूरी तय करने वाले वाहनों को स्थानीय यातायात को क्रास यातायात से पूरी तरह अलग रखा जा सके ताकि वाहन बिना सिग्नल पर रूके और बिना किसी जाम में फंसे लगातार निकल सके। सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने बताया कि अभी सोहना में चौक पर स्थानीय वाहनों और हाईवे से निकलने वाले वाहनों के यातायात का दबाव बहुत ही ज्यादा रहता है। जिससे दिन में कई-कई बार जाम के हालात नजर आते है। कारिडोर बनने पर वाहन चालकों को जाम की समस्या से पूरी तरह निजात मिलेगी तो वही इस परियोजना का लाभ केवल सोहना, गुरूग्राम और नूंह के बीच आवागमन करने वाले वाहन चालकों व लोगों को ही नही मिलेगा बल्कि सोहना के गांव अलीपुर से शुरू किए गए दिल्ली-मुंबई-वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे यानी डीएमई और कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे यानी केएमपी से जुडने वाले वाहन चालकों को भी मिलेगा। बेहतर कनेक्टिविटी से समूचे क्षेत्रों में मालवाहक वाहनों और अन्य वाहनों का यातायात आवागमन बहुत ही सुगम और आरामदायक होगा। सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने बताया कि सोहना-भौंड़सी-बादशाहपुर और सोहना के साथ तेजी से उभर रहे ग्रेटर सोहना, नूंह-मेवात क्षेत्रों में भी तेजी से बढ़ रहे शहरीकरण, वाहनों की संख्या में दिनोंदिन तेजी से हो रही वृद्धि और भविष्य की यातायात जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह परियोजना इन क्षेत्रों के साथ-साथ समूचे एनसीआर क्षेत्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योकि इस ऐलिवेटेड़ कारिडोर के बनने पर एनएच-248ए की यातायात क्षमता बढ़ने के साथ-साथ शिवनगरी सोहना समेत आसपास क्षेत्रों में सडक़ नेटवर्क सम्पर्क बहुत ही बेहतरीन तरीके से जबरदस्त मजबूत होगा।

दीवाली के चलते बाजारों में बढ़ी रौनक-उमड़ रही भीड़ ने तोड़े तमाम रिकार्ड

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। लगातार बढ़ रही महंगाई से गायब हुई बाजारों की रौनक दीवाली के त्योहार पर पुन: वापिस लौट आई है। बाजारों में जगह-जगह दीवाली के सामानों से सजी दुकानें नजर आ रही है। लोग अपने घरों को सजाने और दीवाली पर सामान की खरीददारी के लिए बाजार में उमड़ रहे है। बाजार में सबसे ज्यादा भीड़ सजावट के सामान, कैलेंडरों, खिलौना, खील, बताशे, मिटटी के दीए, पूजा सामग्री, ड्राईफ्रूट, चाइनीज क्राकरी, चाइनीज लाइटें, नमकीन आदि विक्रेताओं की दुकानों पर देखने को मिल रही है। बाजार में गिफ्ट गैलरी की दुकान चलाने वाले दुकानदारों ने बताया कि दीवाली आते ही बाजारों में ग्राहकों की पसंद के सामान आने शुरू हो गए है। उनकी दुकान पर



सुबह 8 बजे से लगने वाली ग्राहकों की भीड़ रात 10 बजे तक लगी रहती है। लगभग ऐसा ही नजारा चाकलेट, खाद्य सामग्री, मिठाई विक्रेताओं, ड्राईफ्रूट बेचने वालों की दुकान पर देखने को मिल रहा है। दुकानदारों रविन्द्र अग्रवाल हलवाई, विपुल अग्रवाल, हरिओम सिंगला, प्रदीप गर्ग, जितेन्द्र मित्तल सोनू, बल्ले प्रधान, देशराज गोयल, मुकेश सिंगला, हितेश गोयल, अरूण गोयल आदि का कहना है कि इस बार दीवाली पर लोगों में अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजार में सामान खरीदने के लिए लोगों की देर रात तक भीड़ रहती है। बाजार में सामान खरीदने आए पूर्व नगरपार्षद मुकेश सैनी, गांव रायसीना से आए देवेन्द्र यादव, प्रेमपाल, कृष्ण सैनी, लक्ष्मी मोड पर रहने वाले हरविंदर सैनी, दीपक सैनी, नवीन सैनी, गांव सिरसका में रहने वाले कर्मपाल बोकन, हवलदार जयपाल बोकन, अमित अधाना आदि लोगों का कहना है कि महंगाई चाहे तेजी से सिर उठा रही है लेकिन दीवाली का त्यौहार तो मनाना ही है। बच्चे बम-पटाखे, फूलझड़ी और मिठाई के लिए जिद कर रहे है तो धर्मपत्नी आकर्षक साड़ी लाने की जिद पकड़े हुए है। इसके अलावा दीवाली पूजन के लिए चांदी का कुछ सामान खरीदना भी आवश्यक है जोकि खरीदना तो पड़ेगा ही।

गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में स्कूलों में आयोजित होंगी प्रतियोगिताएं : शिक्षाविद मोहनप्रकाश कौशिक

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना शहर में दौहला रोड़ स्थित डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक और निर्देषक हर्ष कौशिक ने सोमवार को यहां पर बताया कि यहां पर क्षेत्र स्तर पर सभी स्कूलों में 18 से 20 नवम्बर तक गीता महोत्सव का आयोजन होगा। इस दौरान स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इसके बाद 25 से 27 नवम्बर तक खंडस्तर पर गीता महोत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा और 2 से 4 दिसम्बर तक जिलास्तर पर गीता महोत्सव प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। जिसके बाद 17 से 19 दिसम्बर तक गीता महोत्सव प्रतियोगिताएं राज्यस्तर पर आयोजित की जाएगी। उन्होने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का आयोजित करने का मूल उददेश्य



विद्यार्थियों को गीता का संदेश, जीवन मूल्यों और भारतीय संस्कृति से जोडना है। डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक और निर्देषक हर्ष कौशिक ने बताया कि इस दौरान निबंध लेखन प्रतियोगिता, गीता श्लोकों उच्चारण प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, संवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी और खुशी की बात यह है कि सरकार ने इस बार कक्षा छठी से 8वीं तक के विद्यार्थियों की पहली श्रेणी और कक्षा 9वीं से 12वीं तक की दूसरी श्रेणी बनाई है। इन प्रतियोगिताओं में सरकारी और प्राइवेट सभी स्कूलों के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। उन्होने बताया कि प्रत्येक जिले से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 138 विद्यार्थियों को 5 से 25 दिसम्बर के बीच धर्मनगरी कुरूक्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। इसमें 138 छात्राएं भी शामिल होगी। यानी प्रत्येक जिले से कुल 298 छात्र-छात्राओं का दल कुरूक्षेत्र का भ्रमण करेगा। भ्रमण करने वाले विद्यार्थियों को कुरूक्षेत्र के ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों की जानकारी दी जाएगी और इन प्रतियोगिताओं में विजेताओं को खंड, जिला व राज्यस्तर पर पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होने बताया कि राज्यस्तर पर प्रथम पुरस्कार के रूप में 5100 रुपए की धनराशि, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3100 रुपए की राशि और तृतीय पुरस्कार के रूप में 2100 रुपए की राशि विजेताओं को मिलेगी।

कमर्शियल गैस सिलेंडरों के बढ़ाए गए दाम तुरन्त लिए जाए वापिस : इनेलो नेता रोहताश खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। इनेलो के जिलाध्यक्ष व जिलापरिषद के पूर्व सदस्य चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने केन्द्र सरकार और भाजपा को गरीब विरोधी बतलाया है। उन्होने कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में प्रति सिलेंडर 10 से 12 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी को जनविरोधी ठहराते हुए बढाये गए दामों को तत्काल प्रभाव से वापिस लिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में मार्च महीने में भी 114 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की थी। भाजपा सरकार जरूरतमंद लोगों और उद्योगों को कमर्शियल गैस सिलेंडर तो उपलब्ध नही करा पा रही है लेकिन इसकी कीमतों में मार्च के बाद अब नवम्बर महीने में भी रिकार्ड बढ़ोतरी कर महंगाई को बढ़ावा देने का काम जरूर किया है। इनेलो के जिलाध्यक्ष व जिलापरिषद के पूर्व सदस्य चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने बताया कि



रोजमर्रा के काम में आने वाले कमर्शियल गैस के दामों में की गई बढ़ोतरी से महंगाई बढ़ेगी और भाजपा का हाथ गरीबों के साथ होने का दावा करने वाली भाजपा शासित केन्द्र सरकार ने कमर्शियल गैस के दामों में बढ़ोतरी कर अपने जनविरोधी चेहरे को बेनकाब कर दिया है। उन्होंने ऐसे संकेत भी दिए है यदि केन्द्र सरकार ने बिना सब्सिडी वाली कमर्शियल गैस के दामों मे की गई मूल्य वृद्धि को वापस ना लिया तो जनहित में केन्द्र की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन चलाया जाएगा। इनेलो के जिलाध्यक्ष व जिलापरिषद के पूर्व सदस्य चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने कहा कि केन्द्र सरकार के इशारे पर गैस कंपनियां बार-बार गैस सिलेंडरों की दरों में बढ़ोतरी कर रही है। गैस सिलेंडरों की कीमतों में की गई वृद्धि से साफ हो गया है कि केन्द्र सरकार की गरीबों-आम लोगों से कोई हमदर्दी नही है। सरकार ने रातोंरात चोरी-छिपे अंदाज में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में प्रति सिलेंडर 10 से 12 रुपए प्रति सिलेंडर बढ़ा दिए। पहले भी वक्त-वक्त पर सिलेंडर के दामों में कई बार बढ़ोतरी की गई है। भाजपा सरकार में खाद्य सामग्री और दूसरी चीजों के दामों में वृद्धि के चलते कीमतें आसमान छू रही है। उन्होने कहा कि महंगाई व भ्रष्टाचार से निजात का दम भरने वाली भाजपा सरकार का असली चेहरा लोगों के सामने आ गया है। गरीबों को दाल तो दूर चटनी से दो वक्त की रोटी खाना दुश्वार बन गया है। सरकार के लिए जा रहे निर्णय जनविरोधी साबित हो रहे है। इनेलो के जिलाध्यक्ष व जिलापरिषद के पूर्व सदस्य चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी का कहना है कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों और गरीब विरोधी चेहरे की असलियत उजागर करने के लिए वह अपने साथी युवाओं की टोलियां लेकर गांव-गांव जाएंगे और आम जनता को भाजपा की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराते हुए बताएंगे कि भाजपा की नीतियां कितनी दोगली और जनविरोधी है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने महंगाई को बढ़ावा देकर लोगों की नाक में दम कर दिया है। पूरा दिन मेहनत करने के बावजूद गरीब परिवार चटनी से भी रोटी नहीं खा पा रहा है जबकि पूंजीपति और ज्यादा धनाढय होते जा रहे है। सरमाएदारों और मुनाफाखोरों की मौज बन आई है।

सोने-चांदी के दाम गिरते ही जेपी ज्वैलर्स पर लगी जेवरात खरीदने के लिए ग्राहकों की भीड़ : जयप्रकाश सर्राफ

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर जेवरात व्यापारी सर्राफा एसोसिएशन के प्रधान जयप्रकाश सर्राफ तथा युवा अग्रवाल नेता हेमंत जैन सर्राफ ने बताया कि त्यौहारों का सीजन शुरू होते ही सोने-चांदी के भाव तेजी से नीचे गिर रहे है। उन्होने बताया कि ऐसे में बिटिया की शादी में कितने तौले सोने देना है, अब इसकी जगह परिवार महंगाई को देख यह तय कर रहे है कि कितने रुपए की लागत वाले गहने देने है और त्यौहारों पर ऐसे परिवारों के लोग हल्के और कम वजन वाले गहने पसंद कर रहे है तो बुजुर्ग लोग अपने घरों की तिजोरी में रखे पुराने गहनों को निकाल कर बाजार पहुंच रहे है ताकि भारी-भरकम पुराने हार की जगह शादी के लिए कम वजन वाला हल्का सेट, कंगन, हाथ की चूड़ी आदि ली जा सके। जेवरात व्यापारी सर्राफा एसोसिएशन के प्रधान जयप्रकाश सर्राफ तथा युवा अग्रवाल नेता हेमंत जैन सर्राफ ने बताया कि पहले सोने का जो हार 25 से 40 ग्राम वजन में बनवाने को लोग तरजीह देते थे, अब सोने-चांदी के दाम त्यौहारी सीजन में भी तेजी से नीचे गिरने के बावजूद ग्राहक उसी डिजाईन का हार लोग 10-12 ग्राम में बनवाने को तरजीह दे रहे है। यही वजह कि बाजारों में जहां पुराने गहने नए गहनों की खरीद के लिए सबसे बड़ा सहारा बन रहे है तो नई पीढ़ी आधुनिक और हल्के वजन के गहने पसंद कर रही है, जिसमें ब्रेसलेट, पैडेंट, गले की चेन की मांग ज्यादा बढ़ी है तो लोग अभी से धनतेरस के लिए भी सोना-चांदी की बुकिंग करा रहे है।

त्यौहारी सीजन में छह डेरियों पर छापेमारी में 5 हजार 319 किलो नकली पनीर पकड़ा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। त्यौहारों के समय में खाद्य पदार्थों में मिलावट कर मिलावटखोर लोगों के जीवन से खिलवाड़ करते हए जमकर चांदी कूटने से बाज नही आ रहे है। इस बात का खुलासा उस वक्त हुआ, जब मिलावटी वस्तुओं पर रोक लगाने के लिए बनी छापामार टीम ने गांव गुर्जरनंगला में चल रही 6 दूग्ध डेयरियों पर छापेमारी के दौरान मौके पर नकली पनीर बनाने में इस्तेमाल की जा रही विभिन्न संदिग्ध सामग्रियों के साथ-साथ रसायनिक पदार्थ बरामद किए। इन बरामद किए गए रसायनिक पदार्थों में पाम ऑयल, मिल्क पाउडर, सोया उत्पादों के अतिरिक्त रंग काटने वाला पदार्थ रंगकाट और कपडों में सफेदी व चमक बढ़ाने के लिए इस्तेमाल होने वाला केमिकल रेनीपल फेवरिक व्हाईटनर रसायनिक भी बरामद किया गया है। छापेमारी में जग-जाहिर हो गया कि त्यौहारों पर सप्लाई करने के लिए मिलावटी व नकली पनीर बड़े पैमाने पर तैयार किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान 5 हजार 319 किलो नकली पनीर मौके पर पकड़े जाते ही छापामार टीम ने जमीन में गहरा गढढा खुदवाकर इस नकली पनीर को गढढे में डाल अपने सामने नष्ट करवाया है और संदिग्ध रसायनिक पदार्थों को भी कब्जे में लिया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि सोहना से लेकर मेवात और गुरूग्राम, दिल्ली, भिवाड़ी समेत समूचे एनसीआर क्षेत्र में नकली दूग्ध, नकली पनीर, घटिया खोया, नकली देशी घी वाले इस खेल को समय-समय पर हमारा समाचारपत्र प्रमुखता से उजागर करता रहा है। छापामार टीम ने इन दूग्ध डेयरियों से पनीर के 7 सैंपल भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाए है। वही 750 किलो मिल्क पाउडर, 60 किलो पाम ऑयल, 5 किलो रेनीपल फेवरिक व्हाईटनर रसायनिक पदार्थ और 3 किलो रंगकाट तथा 818 किलो संदिग्ध रसायन सामग्री को सील किया है। इस छापेमारी में यह भी साफ हो गया है कि एनसीआर क्षेत्र के लोग दूग्ध के नाम पर जहर पी रहे है तो पनीर व देशी घी के नाम पर नकली देशी घी और नकली पनीर का सेवन कर रहे है। इसलिए लोग तरह-तरह की बीमारियों की चपेट में आ रहे है। हालाकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रशासन को कड़े निर्देश दिए है कि हर गांव, हर बाजार, हर कस्बे और शहर में दूग्ध डेयरियों, देशी घी विक्रेताओं, खोया-पनीर विक्रेताओं और किरयाणा की दुकानों पर औचक छापेमारी कर मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए सैंपल भरकर जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजे जाए ताकि लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर चांदी कूटने वाले मिलावटखोरों पर प्रभावी तरीके से नकेल कसी जा सके लेकिन बावजूद इसके मिलावटखोरी करने वाले व्यापारी अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे है और मोटा मुनाफा कमाने की चाहत में नकली व घटिया खाद्य पदार्थों की बिक्री कर लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने से नही चूक रहे है।

गौतस्करों ने एसटीएफ चलाई गोलियां-झोकी अंधाधुंध फायरिंग-एक गिरफ्तार

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। गौतस्करी और गौकशी जैसे अनैतिक धंधे में लगे बदमाशों के हौसले इतने बढ़ गए है कि अब वह हरियाणा में गौतस्करी रोकने के लिए पुलिस विभाग में बनाई गई स्पेशल टास्क फोर्स पर भी गोलियां चलाने और अंधाधुंध फायरिंग करने से नही डर रहे है। भोर सवेरे 4 बजे गौतस्करों का पीछा कर रही एसटीएफ टीम पर गौतस्करों ने गोलियां चलाते हुए अंधाधुंध फायरिंग कर दी। सोहना हलका में तावडू रोड़ पर गांव पथरेड़ी के पास गौतस्करों द्वारा एसटीएफ टीम पर चलाई गई गोलियां और अंधाधुंध फायरिंग के दौरान गनीमत यह रही कि एसटीएफ की मुस्तैदी के चलते गौतस्करों की चलाई गई गोलियां किसी पुलिस जवान को नही लगी। गौतस्करों के एसटीएफ पर अंधाधुंध फायरिंग झोकने पर एसटीएफ ने घेराबंदी डाल एक गौतस्कर को मौके से पकडने में कामयाबी पाई है जबकि उसके तीन साथी गौतस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर एसटीएफ को चकमा दे निकल भागने में कामयाब रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरियाणा पुलिस में गौरक्षा के लिए बनाई गई स्पेशल टास्क फोर्स में कार्यरत सहायक सबइंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई वाली एसटीएफ टीम इलाके में गश्त पर थी। इसी दौरान एसटीएफ टीम को मुखबिर खास से भनक लगी कि गौतस्कर सोनीपत से 2 बैलों को एक पिकअप में भरकर राजस्थान के टपूकड़ा की तरफ ले जा रहे है। जिस पर एसटीएफ टीम ने गौतस्करों को पकडने के लिए गांव पथरेड़ी के पास नाकेबंदी कर जैसे ही आ रही पिकअप को रूकने का संकेत किया तो गौतस्करों ने सामने पुलिस को देख एकदम गोलियां चलाना और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की घेराबंदी से निकल भागने के लिए गौतस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर पिकअप से कूदकर भागने लगे। इसी बीच पुलिस ने घेराबंदी डाल एक गौतस्कर को पकड़ लिया। जिसकी पहचान सोहना विधानसभा क्षेत्र में पहाड़ ऊपर तावडू थानाक्षेत्र के गांव बुडाबूड़ी के रहने वाले शोएब के रूप में हुई है। पुलिस ने जब पकड़ में आए गौतस्कर से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने भाग निकले अपने साथियों के नाम जुबेर, आशिक और नारी बताए और बताया कि यह तीनों भी तावडू थानाक्षेत्र के अलग-अलग गांवों के रहने वाले है। पुलिस ने जब पिकअप की तलाशी ली तो उसके भीतर 2 बैल बेहोशी की हालत में रस्सों से जकड़े मिले। पुलिस ने दोनों बैलों को नजदीक की गौशाला में भिजवा कर पिकअप को कब्जा पुलिस में ले गौतस्करों के खिलाफ बिलासपुर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। भाग निकले गौतस्करों को पकडने के लिए एसटीएफ के साथ-साथ पुलिस की कई टीमें बनाई गई है।